


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 214

ग्वालियर, गुरुवार, 23 सितंबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## खास खबर

### चलती स्लीपर कोच में मां के सामने बेटी से रेप

**नई दिल्ली।** दिल्ली से यूपी के औरैया जा रही चलती बस में एक महिला से पहले छेड़खानी की फिर उस बस की पीछे वाली सीट पर जबरन ले जाकर रेप किया। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। महिला ने बस के कंडक्टर और उसके एक साथी पर रेप का आरोप लगाया है। बस कंडक्टर अभी भी फरार है। यह बस बदरपुर बॉर्डर से कानपुर जा रही थी। महिला अपनी बेटी और भतीजी के साथ प्राइवेट स्लीपर कोच बस में सवार हुई थी। यह बस दिल्ली से शिकोहाबाद जा रही थी। पिड़िता का आरोप है कि, बस जब जेवर टोल टैक्स पार कर रही थी तभी मौके का फायदा उठा कर बस के कंडक्टर के साथी ने पहले लड़की के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की फिर जबरन लड़की को बस की पीछे वाली सीट पर ले गया और रेप कर दिया। जब बस शिकोहाबाद पहुंची तब महिला ने जोर से हंगामा किया और अपने परिजनों को बुलाया। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया। एसएसपी अशोक कुमार शुक्ल के मुताबिक, घटना की पूरी जिम्मेदारी और निष्पक्षता के साथ जांच की जाएगी। जल्द ही दोषियों को सजा दिलाई जाएगी।

### आंतकियों से संबंध रखने के मामले में 6 कर्मचारियों को जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने किया बर्खास्त

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने आतंकवादियों से संबंध रखने और ओवरग्राउंड वर्कर के तौर पर काम करने वाले अपने 6 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है।कर्मचारियों में जफर हुसैन भट्ट, अनंतनाग के अध्यापक हमीद वानी भी शामिल है।बता दें कि घाटी में आतंकवादी लगातार घुसपैठ की कोशिशें करते रहते हैं।इसमें उन्हें भीतरी लोगों को समर्थन प्राप्त होता है। घाटी में आतंकवादी गतिविधियों को रोकने के लिए सुरक्षा एजेंसियां लगातार खुफिया ऑपरेशन्स को अंजाम देती रहती हैं। इसी बीच जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अपने ही 6 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। इन लोगों पर आतंकवादियों से संबंध रखने का आरोप है। जानकारी के मुताबिक बर्खास्त हुए छह कर्मचारियों ने शामिल हामिद वानी पहले आतंकी संगठन अल्लाह टाइगर के जिला कमांडर के रूप में काम चुके हैं। इसके बाद उन्होंने सरकारी नौकरी ज्वाइन कर ली थी।

### गांधी जयंती के मौके पर कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं कन्हैया कुमार

**पटना।** कम्युनिस्ट नेता और जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार को बिहार में बड़ी जिम्मेदारी मिलने वाली है।इससे कांग्रेस बिहार में बड़ा सियासी दांव खेलने की फिराक में हैं। कन्हैया कुमार 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के दिन कांग्रेस में शामिल होने वाले हैं। वहीं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के द्वारा उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई जाएगी। दरअसल, इस मुद्दे पर कन्हैया कुमार की राहुल गांधी से 2 बार गंभीर चर्चा हो चुकी है। दोनों बार बातचीत के दौरान चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर भी मौजूद थे। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि पहले शहीद भगत सिंह की जयंती 28 सितंबर को कन्हैया कुमार की कांग्रेस में एंट्री की तारीख तय की गई थी लेकिन अब इसे बढ़ाकर गांधी जयंती को कर दिया गया है। वहीं कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि इसी दिन गुजरात के निर्दलीय विधायक जिग्नेश मेवानी भी कांग्रेस में शामिल होने वाले हैं। बता दें कि बिहार कांग्रेस के प्रवक्ता असित नाथ त्रिपाठी इस मुद्दे पर कुछ भी खुलकर बोलने से परहेज कर रहे हैं। उनका कहना है कि इस बारे में कोई भी बयान पार्टी हाईकमान की ओर से ही जारी किया जाएगा।

### मराठी अभिनेत्री ईश्वरी देशपांडे और उनके मित्र की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

**पुणे।** मराठी फिल्मों की अभिनेत्री ईश्वरी देशपांडे और मित्र शुभम दोगड़े नहीं रहे। गोवा में हुए एक सड़क हादसे में उनकी जान चली गई है। पुणे की रहने वाली 25 वर्षीय ईश्वरी देशपांडे अपने दोस्त शुभम के साथ गोवा छुट्टियां मनाने गई थीं। पता चला है कि गोवा में उनकी कार अरपोरा इलाके में दुर्घटनाग्रस्त होकर गहरे पानी में जा गिरी और पानी में डूबने से दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने कार के अंदर से शवों को बरामद कर लिया है। पुलिस का अनुमान है कि कार की रफ्तार तेज थी, जिससे कार का बैलेंस बिगड़ गया और वह गहरे पानी में जा गिरी। गाड़ी में सेंट्रल लॉक था, जिसके चलते वे गाड़ी को नहीं खोल पाए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ईश्वरी और शुभम अगले महीने सगाई करने वाले थे। ईश्वरी और शुभम अपने मराठी और हिंदी प्रोजेक्ट्स की शूटिंग पूरा करने के बाद 15 सितंबर को छुट्टियां मानाने गोवा गए थे।

## प्रदेश से निर्यात बढ़ाने के लिए बाजार और सरकार मिलकर काम करेंगे: मुख्यमंत्री श्री चौहान

**एक हफ्ते में कार्य आरंभ करेगी राज्य एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल**

**प्रत्येक जिले में होगी एक्सपोर्ट कमेटी**

**मुख्यमंत्री श्री चौहान ने एम.पी. ट्रेड पोर्टल और एक्सपोर्ट हेल्पलाइन का किया शुभारंभ**

**मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मध्यप्रदेश इंडियाज़ इमर्जिंग एक्सपोर्ट टाइगर कॉन्क्लेव को किया संबोधित**



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश में प्राकृतिक सम्पदा, खनिज, जल और वन सम्पदा भरपूर हैं। प्रदेश में निर्यात बढ़ाने की काफी संभावनाएँ हैं। निर्यात बढ़ाने की दिशा में सरकार केवल अपने स्तर पर कार्य नहीं कर सकती। जो उद्यमी सक्रिय और अनुभवी हैं, उन्हें साथ लेकर राज्य सरकार इस दिशा में कार्य करेगी। बाजार और सरकार मिलकर काम करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान वाणिज्य उत्सव 2021 में मध्यप्रदेश इंडियाज़ इमर्जिंग एक्सपोर्ट टाइगर कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। प्रदेश में निर्यात से संबंधित नए अवसरों को तलाशने के लिए यह एक्सपोर्ट कॉन्क्लेव मिंटो हॉल में हुआ। भारत सरकार के वाणिज्य विभाग तथा प्रदेश के औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग का यह संयुक्त आयोजन है।

**प्रधानमंत्री श्री मोदी के डिस्ट्रिक्ट एज़ एक्सपोर्ट हब विज़न का होगा क्रियान्वयन:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न डिस्ट्रिक्ट एज़ एक्सपोर्ट हब को ध्यान में रखते हुए राज्य में एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल का गठन किया जा रहा है। यह एक हफ्ते में कार्य करना आरंभ कर देगी। प्रत्येक जिले में भी एक्सपोर्ट प्रमोशन कमेटी गठित की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने एम.पी. ट्रेड पोर्टल और एक्सपोर्ट हेल्पलाइन का शुभारंभ किया। एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल प्रदेश में निर्यात को बढ़ावा देने का कार्य करेगी। इसी प्रकार मध्यप्रदेश ट्रेड पोर्टल औद्योगिक इकाइयों तथा निर्यातकों के लिए निर्यात से जुड़ी तकनीकों को समझाने और निर्यातकों को विश्व के प्रमुख आयातकों से जोड़ने में सेतु का कार्य करेगा। एक्सपोर्ट हेल्पलाइन के माध्यम से निर्यातकों की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जा सकेगा।

**प्रदेश में औद्योगिक विकास पर फोकस:** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए सुशासन तथा अर्थ-व्यवस्था और रोजगार सर्वोपरि हैं। रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए निवेश बढ़ाना होगा। हम प्रदेश में तेज गति से औद्योगिक विकास कर रोजगार सृजन पर फोकस कर रहे हैं। कोरोना की कठिन परिस्थितियों के बावजूद प्रदेश में औद्योगिक निवेश में तेजी से वृद्धि हुई है। प्रदेश में फार्मा, ऑटो, टेक्सटाईल, गारमेंट, फूड प्रोसेसिंग और इंजीनियरिंग सेक्टर के उद्योगों को निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## नौकरी के अंतिम पड़ाव पर सरकारी कर्मचारी नहीं बदल सकते जन्मतिथिः सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि सरकारी कर्मचारी द्वारा जन्मतिथि में बदलाव की मांग करने वाली याचिका को अधिकार का मामला नहीं बनाया जा सकता है। इस तरह के अनुरोध को किसी के करियर के अंतिम छोर पर भी अनुमति नहीं दी जा सकती है। न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की पीठ ने एक कर्मचारी की जन्मतिथि में बदलाव के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ कर्नाटक ग्रामीण बुनियादी ढांचा विकास लिमिटेड द्वारा दायर एक अपील की अनुमति दी। अपने फैसले में, अदालत ने कहा कि राज्य सरकार के कर्मचारियों की उम्र का निर्धारण कर्नाटक राज्य सेवक (आयु का निर्धारण) अधिनियम, 1974 द्वारा शासित होता है। इसके मुताबिक, नौकरी शुरू करने के शुरुआती तीन साल के भीतर ही जन्म तिथि में परिवर्तन के लिए आवेदन दिया जा सकता है। या फिर अधिनियम के लागू होने के एक वर्ष के भीतर ऐसा किया जा सकता है। इस मामले में, अदालत ने निगम की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गुरुदास एस कन्नूर, और अधिवक्ता चिन्मय देशपांडे और अनिरुद्ध संगनेरिया के एक प्रस्तुतीकरण पर सहमति व्यक्त की। कोर्ट ने कहा, कर्मचारी देरी और देरी के आधार पर किसी भी राहत या जन्म तिथि में बदलाव का हकदार नहीं है, क्योंकि जन्म तिथि में बदलाव के लिए अनुरोध उसके सेवा में शामिल होने के 24 साल बाद किया गया है। पीठ ने कहा, ÷निगम का कर्मचारी होने के नाते, उन्हें निगम के कर्मचारियों पर लागू होने वाले नियमों और विनियमों को जानना चाहिए था। कानून की अनदेखी वैधानिक प्रावधानों से बचने का बहाना नहीं हो सकती है। इस संबंध में शीर्ष अदालत ने कहा कि जन्म तिथि बदलने के लिए आवेदन केवल प्रासंगिक प्रावधानों या लागू नियमों के अनुसार ही हो सकता है।

## रबी सीजन के लिए केंद्र से राज्यों को पूरी मदद: मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर




**नई दिल्ली।** रबी अभियान 2021-2022 के लिए राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन का आयोजन केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में हुआ। मंत्री तोमर ने कहा कि रबी सीजन के लिए केंद्र सरकार से राज्यों को पूरी मदद की जा रही है। उन्होंने कृषि के समग्र विकास के लिए राज्यों से कृषि विज्ञान केंद्रों से मिलकर लक्ष्य तय करने का अनुरोध किया। मंत्री तोमर ने कहा कि देश में खरीफ सीजन बेहतर रहा है। रबी सीजन की दृष्टि से राज्यों की अपेक्षाओं को केंद्र सरकार पूरा कर रही है। कृषि क्षेत्र में कई चुनौतियां है, जिन पर परस्पर सहयोग से विजय प्राप्त करते हुए हम लक्ष्य की ओर आगे बढ़ सकेंगे। उन्होंने खेती में पानी, बिजली व रासायनिक उर्वरकों की खपत कम करने के लिए राज्यों से प्रयत्न करने का आग्रह करते हुए कहा कि इससे खेतों व किसानों के साथ देश को भी फायदा होगा। उन्होंने नैनो यूरिया का उपयोग बढ़ाने पर ध्यान देने का आग्रह किया, जो कम खर्चीला है और मृदा स्वास्थ्य बेहतर रहता है। तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्धहै,रहेगी। प्रधानमंत्री जी ने समग्रता को समेटे हुए कई योजनाओं का सृजन किया है, ताकि कृषि में उत्पादन-उत्पादकता बढ़े और देश को महारथ हासिल हो। केंद्र सरकार निरंतर काम कर रही है, जिसके अच्छे परिणाम परिलक्षित हो रहे हैं।किसानबंधु कठोर परिश्रम कर रहे हैं। तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने कम ब्याज पर किसानों को ऋण देने की व्यवस्था की है, ताकि वे बिना परेशानी के खेती कर सकें। उनके निर्देश पर किसान क्रेडिट कार्ड द्वारा किसानों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। सवा दो करोड़ से ज्यादा केसीसी वितरित किए जा चुके हैं, जिनके माध्यम से किसानों को सवा दो लाख करोड़ रूपए से ज्यादा ऋण दिया गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि(पीएम-किसान) योजना के माध्यम से किसानों को आय सहायता का बहुत महत्वपूर्ण कदम उठाया गयाहै।


## तालिबान का समर्थन करने वालों पर करेंगे सख्त कार्रवाई: सीएम योगी




**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल जनपद के कैला देवी धाम पर जनसभा को संबोधित करते हुए संभल के समाजवादी पार्टी सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क को निशाने पर लेते हुए कहा कि संभल में भी तालिबान का समर्थन करने वाले कुछ लोग पैदा हो गये हैं। ऐसे लोगों पर कानून के दायरे में सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि याद करना समाजवादी पार्टी का वह चेहरा है जो महिला विरोधी है, दलित विरोधी है, अति पिछड़ा विरोधी है, हिंदू विरोधी है और बच्चा विरोधी है। तालिबान जिस प्रकार की बर्बरता ढहा रहा है अफगानिस्तान में वह किसी से छिपा हुआ नहीं है। लेकिन किस बेशर्मी के साथ समाजवादी पार्टी के कुछ नेताओं के द्वारा तालिबान का समर्थन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी भारत विरोधी गतिविधियों में व महिला विरोधी गतिविधियों में लिप्त लोगों का समर्थन करेगा कानून के दायरे में रहकर ऐसे लोगों पर बहुत सख्त कार्रवाई करेंगे। भाजपा का संकल्प हर कार्यकर्ता के लिए हर नागरिक के लिए रहा है। हमारा कार्यकर्ता इस संकल्प के साथ चलता है कि व्यक्ति से बड़ा दल और दल से बड़ा देश। हम लोगों ने राष्ट्रसेवा के लिए अपने आप को समर्पित किया लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं जो अवसर मिलने पर भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त होते हैं। देश की सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब तक मोदी जी का नेतृत्व और आर्शीवाद देश को है आप निश्चिंत होकर रहिये। भारत के अंदर कोई बाल बांका नहीं कर पायेगा। जनसभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, जनपद के प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख, राज्यमंत्री गुलाब देवी, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव, विधायक अजीत यादव, जिला प्रभारी राजा वर्मा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह, आदि ने भी विचार रखे।







# सिंधिया छत्री पर मनाया गया 100वां छबीना समारोह






**रंगारंग आतिशबाजी एवं मधुर संगीत तथा बांसुरी वादन ने बांधा समां**

**शिवपुरी।**
श्रीमंत कैलाशवासी मातोश्री जीजा महाराज साहेब सिंधिया का 100वां छबीना समारोह उनकी 100वीं पुण्यतिथि (छबीना) उत्सव रविवार को छत्री परिसर में धूमधाम से मनाया गया। आज से 100 साल पूर्व 8 अगस्त 1921 को श्रीमंत कैलाशवासी जीजा महाराज छत्री ट्रस्ट की स्थापना की गई थी उसी वर्ष प्रथम छबीना समारोह हिंदू तिथि अनुसार भाद्रपद चतुर्दशी संवत 1978 को मनाया गया। जिसके तहत 19 सितंबर 2021 को छत्री ट्रस्ट को 100 वर्ष पूर्ण हो गए। परंपरागत रूप से चल रहे उक्त समारोह में हजारों लाखों अनाथ एवं गरीब वर्ग के लोगों को वस्त्र एवं अन्नदान कर लाभान्वित किया जाता रहा है। यह कार्यक्रम सन् 1921 से लगातार यहां नित्य संगीत की परंपरा में ग्वालियर घराने का शास्त्रीय संगीत गजल भजन कव्वाली एवं कत्थक नृत्य तथा सूफी संगीत का आयोजन अनवरत जारी है। साथ ही छत्री परिसर में हिंदू, मुस्लिम एकता का बेहद अनूठा संगम मिलता है। यहां लगातार 100 वर्षों से प्रति शुक्रवार शहर काजी द्वारा मस्जिद में नवाज प?ी जाती है, वही मंदिर में सुबह घंटियों के मधुर स्वर और भजन कीर्तन जारी रहता है। इसी तारतम्य में सिंधिया छत्री के 100 वर्ष पूर्ण होने पर प्रातः शिवलिंग अभिषेक के साथ कार्यक्रम का श्रीगणेश किया गया एवं प्रसिद्ध संगीतज्ञ पंडित आत्मानंद शर्मा एवं पंडित हेमंत शर्मा का क्लासिकल संगीत हुआ, फिर पंडित ओम प्रकाश शर्मा द्वारा भागवत पुराण वाचन के साथ वस्त्र अन्नदान एवं भोजन प्रसादी वितरित की गई तथा शाम को भक्ति रस की गंगा में ग्वालियर सिंधिया महाराज के परंपरागत गुरु परम श्रद्धेय डोलीबुआ सच्चिदानंद नाथ महाराज की हरि कथा का आयोजन हुआ, फिर शास्त्रीय एवं सुगम संगीत में छत्री प्रबंधक अशोक मोहिते द्वारा सुंदर रामधुन के साथ भजन गाकर भक्ति संगीत की शुरुआत की गई। सुगम संगीत एवं क्लासिकल गीत में अंकित शर्मा, अपूर्वा सक्सेना, ईशान भार्गव, श्याम बाबू, कसेरा दिशानी उपाध्याय तथा तबला वादन में आदर्श भार्गव, पवन शर्मा एवं बांसुरी वादन में आत्मानंद अर्जुन शर्मा एवं गिटार वादन में राहुल शिवहरे ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां प्रदान कर श्रोता गणों को मंत्रमुग्ध कर दिया कार्यक्रम के अंत में जिला पुरातत्व एवं पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की ओर से मध्यप्रदेश राज्य सहकारी पर्यटन संघ के अध्यक्ष कुंवर अरविंद सिंह तोमर द्वारा समस्त सम्मानीय कलाकारों को माला पहनाकर छत्री परिवार की ओर से उनका सम्मान व्यक्त किया।इस अवसर पर छत्री के प्रबंधक एवं कार्यक्रम के आयोजक अशोक कुमार मोहिते पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मुन्नालाल कुशवाह, जिला पर्यटन संस्था के प्रबंधक महेंद्र सिंह सुख सागर संदीप भोसले उदयविलास काजल सोनी प्रदीप सोनी पमपम सर सहित शहर के कई गणमान्य नागरिक एवं महिलाएं उपस्थित थी।

## कचडा फेंकने गई 19 वर्षीय युवती के साथ छेडछाड़, विरोध करने पर लात घूसो और डंडे से मारपीट

**शिवपुरी।**



जिले के अमोला थाना अंतर्गत आने वाले एक गांव में निवासरत एक 19 वर्षीय युवती के साथ गांव में ही रहने वाले एक युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ कर दी जब युवती ने विरोध किया तो युवक ने उसकी मारपीट कर दी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी युवक के खिलाफ छेड़छाड़ सहित एससी एसटी एक्ट का मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार अमोला थाने की अमोल पठा चौकी की सीमा में आने वाले गावं कोडर में निवासत एक 19 वर्षीय युवती मंगलवार को सुबह अपने घर से कचरा फैकने गई थी। जब वो कचरा फैककर घर पर आ रही थी उसी समय गांव में रहने वाले मनोज शर्मा पीछे में आया और बुरी नियत से मेरी कमर में हाथ डाल कर मेरे दोनो हाथ पकड़कर अपने घर ले जा रहा था। उसने युवती का गाल काट लिया, युवती चिल्लाई तो युवती की बहन विमला और भाई परमाल कोली आ गये जिन्होने युवती को छुड़ाने का प्रयास किया तो मनोज ने युवती के कपडे फाड दिए। उसी समय मनोज की माँ एंव भाई प्रमोद एवं उसकी पत्नि पूनम वे लोग आ गय चारो ने मिलकर युवती और बहिन विमला व भाई परमाल की लातघूसो एव डंडे से मारपीट की जिससे मेरे बांये हाथ कलाई में खरोचे आई है बांधे कनपटी पर मूदी चोट हे बाये गाल पर दांत से काटने का निशान है। इस मामले में युवती की फरियाद पर कोतवाली पुलिस ने जीरो पर कायमी करते हुए आरोपी मनोज पंडित सहित 3 तीन लोगो पर धारा 354,294,323, 506,34 भादवि, 3 एससी एसटी एक्ट का प्रकरण पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया हैं।

## प्रसिद्ध टीवी कलाकार द कपिल शर्मा के विरूद्ध न्यायालय में बाद दायर, चैनल हेड एबं कपिल शर्मा पर कार्यवाही की मांग

शिवपुरी। प्रसिद्ध टीवी शो कपिल शर्मा शो के विरुद्ध शिवपुरी के सीजेएम न्यायालय में अभिभाषक ने परिवाद पेश किया है। इस संबंध में न्यायालय ने सुनवाई के लिए 1 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है। यह परिवाद अभिभाषक सुरेश धाकड़ ने कपिल शर्मा संचालक द कपिल शर्मा शो सोनी टेलीविजन के सीईओ एमपी सिंह के विरुद्ध प्रस्तुत की है। शिकायती पत्र में कहा गया है कि सोनी एंटरटेनमेंट चैनल पर कपिल शर्मा के द्धवारा अधिवक्ता का किरदार निभाया था। अन्य सहकलाकारो ने भी इस अदालत में मंथन किया जिसमें एक कलाकार कबीर सिंह बनकर साक्षी के रूप में अदालत में आया हैं। हाथ में शराब की बोतल लेकर आया और अदालत में खुले में शराब पीता हैं। जिसके बाद कपिल शर्मा जज सहाब के सामने ही ग्लास में शराब डलवाता हैं और चखना की भी मांग करता हैं। साथ ही साथ अश्लील कमेंट करता हैं। इस शो में न्यायालय की गरिमा धूमिल की गई है और समाज को गलत संदेश गया है। शिकायती पत्र में कहा गया है कि शराब के सेवन के सीन के दौरान वैधानिक चेतावनी शराब पीना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इसका कहीं कोई लेख नहीं किया गया 24 अप्रैल 2021 को इस एपिसोड का पुनः प्रसारण भी हुआ अभिभाषक ने संबंधित के विरुद्ध भारतीय दंड विधान कारी अधिनियम व आईटी एक्ट के तह मुकदमा दर्ज किए जाने हेतु उक्त आवेदन दिया है। इस मामले में अदालत ने 1 अक्टूबर को सुनवाई की तिथि नियत की है।




## कोरोना के डेड़ साल बाद स्कूल तो खुले परंतु मिड डे मिल का कोई इंतजाम नहीं, भूख से बिलख रहे है बच्चे

**शिवपुरी।**
एक तरफ तो कोरोना के बाद से हालात सामान्य होते ही शिवपुरी जिले में दो साल से बंद स्कूल कॉलेज फिर से पटरी पर आने लगे है। जिसके चलते अब मासूम स्कूल जाने लगे है। लेकिन सुबह 10-30 बजे स्कूल पहुंचने के बाद शाम तक रुकने वाले बच्चों के लिए मिड-डे मील की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। बच्चों के अभिभावक तो उनके साथ टिफिन भेज रहे हैं, लेकिन कई बच्चे ऐसे भी थे, जो मिड-डे मील की आस में बिना टिफिन के ही स्कूल आ रहे हैं। स्कूल में प? रहे बच्चों के अभिभावकों ने बताया कि बच्चों का टिफिन बनाने के लिए उनके पास समय नहीं है, क्योंकि वही समय उनके काम पर जाने का भी होता है। परिजनों ने कहा कि उन्हें लगा था की पहले की तरह ही बच्चों को स्कूल में खाना मिलेगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अभिभावकों का कहना है कि अगर स्कूल में बच्चों को बुला रहे हैं तो उनके खाने की व्यवस्था भी की जानी चाहिए।

कोई भूखा रह रहा, तो कोई टिफिन शेयर



स्कूलों में बच्चों की स्थिती यह है कि जो बच्चे टिफिन नहीं लाए उनमें से कोई बच्चा तो अपने साथियों के साथ टिफिन शेयर कर रहा था तो कोई भूखा ही रह गया। ग्रामीण क्षेत्रों के कई स्कूल ऐसे हैं, जहां बच्चों की सोशल डिस्टेंस और मास्क की व्यवस्था को दरकिनार किया गया था। स्कूल में प?ने वाले एक छात्र के परिजन से हमने टिफिन के संबंध में बात किया तो रामवती ने बताया कि हम सुबह से ही मजदूरी पर चले जाते हैं, अब बच्चों के टिफिन हम नहीं बना पाते। क्योंकि अगर हम टिफिन बनाने में लग गए तो हम काम पर जाने में लेट हो जाएंगे।

**इनका कहना है**

एमडीएम के बारे में शासन स्तर से कुछ स्पष्ट नहीं हुआ है। हम इस संबंध में भोपाल से मार्गदर्शन लेकर कोई न कोई व्यवस्था जल्द करेंगे।

**एचपी वर्मा,**
**सीईओ, जिला पंचायत शिवपुरी**

फोटो-ड्ढ0203

## आबकारी विभाग एवं पुलिस की अवैध शराब बेचने वालों पर चल रहा ताबड़तोड़ कार्रवाई अभियान

**शिवपुरी।**
कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह के निर्देशानुसार एव जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन जहरीली शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत मंदसौर में हुई जहरीली शराब से मौतों के बाद विशेष सतर्कता के साथ शिवपुरी जिले के करेरा वृत में इस प्रकार की घटना की रोकथाम के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। जिसके तहत लगातार दबिश दे कर अवैध शराब के विरुद्ध प्रकरण कायम कर सख्त कार्यवाही की जा रही है। बुधवार को वृत्त करैरा प्रभारी विनीत शर्मा के द्वारा बेहगुवान, गढ्ढाई, चितारी, श्यामपुर, आदि क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए 05 प्रकरण कायम किये गये । जिसमें कुल 500किलो गु? लहान मौके पर नष्ट कर 22.2 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई।



जिसकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 30000 रुपए है। इस कार्यवाही में विनीत शर्मा आबकारी उपनिरीक्षक, रमेश दांगी, मुख्य आरक्षक,जगदीश आरक्षक, नगर सैनिकों गोविंद, हरीश श्रीवास्तव का सराहनीय वृत्त पिछोर प्रभारी संजय सिंह वर्मा के द्वारा बामौर कला कंजर डेरा,गौ मुख चौराहा, गूडर, एरावन,नदनवारा,अछरोनी आदि क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए 04प्रकरण कायम किये गये । जिसमें कुल 1400किलो गु? लहान मौके पर नष्ट कर 60 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई। जिसकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 1लाख 20 हजार रुपए है।

## सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने के खिलाफ सीएमओ ने थाने में दर्ज कराई शिकायत बोले बार बार करता है मुझे परेशान

### कचरे के ढेर को लेकर मचा हंगामा

शिवपुरी। बैराड़ कस्बे से कूड़े के ढेर की शिकायत पर जेल भेजने क धमकी का मामला प्रकाश में आया हैं। जहाँ बैराड नगर के युवक ने सीएम हेल्पलाइन पर गंदगी से परेशान होकर सीएम हेल्पलाईन पर शिकातय दर्ज करा दी, शिकायत का निबटारा तो नली हुआ लेकिन सीएम हेल्पलाइन की हेल्प लेने पर उल्टा सीएमओ ने नाराज होकर जेल यात्रा की धमकी दे डाली। बताया गया है कि शिकायतकर्ता उदय सिंह उर्फ बंटी परिहार के घर के सामने कई जगह कचड़े के ढेर पड़े हुए हैं, जिन्हें हटाने के लिए उसने नगर पंचायत के सीएमओ को 10 जून को आवेदन देकर शिकायत दर्ज करवाई, परंतु उक्त शिकायत पर जब कोई कार्यवाही नहीं हुई तो बंटी ने 19 जून को सीएम हेल्पलाइन लगा दी। जिसके बाद नगर पंचायत ने कचरे के ढेर हटवा दिए। लेकिन बाकी ढेर वैसे के वैसे ही पड़े रहने दिए। इसकी शिकायत भी पीड़ित ने सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज करा दी।

## शिवपुरी से चोरी हुआ ट्रक नसीराबाद में मिला, डीजल के पैंमेंट करने से पकडे गए आरोपी, स्विप्ट कार से पीछे चल रहे थे



शिवपुरी। बुधवार को सिटी कोतवाली पुलिस ने एक बडी कार्यवाही को अंजाम देते हुए फतेहपुर क्षेत्र से गायब एक ट्रक को महज 72 घंटे में जप्त कर दो आरोपीयों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में तीन आरोपी अभी भी फरार बताए जा रहे है। इस मामले में एक बदमाश हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। जानकारी के अनुसार बीते 18 नंबबर को फरियादी नरेश ओझा ने शिकायत करते हुए बताया कि उसका ड्राइवर ट्रक फतेहपुर चौराहे के समीप खड़ा कर चाबी देकर चला गया था। सुबह देखने पर उक्त जगह पर ट्रक खड़ा नहीं मिला जो अज्ञात कोई अज्ञात चोर ट्रक को चुरा कर ले गया फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर से थाना कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 379 का कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश सिंह चंदेल द्वारा आरोपीगणों की जल्द जल्द से गिरफ्तारी के निर्देश दिये। तत्काल कार्यवाही करते हुये अति पुलिस अधीक्षक शिवपुरी प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी शिवपुरी अजय भार्गव के मार्गदर्शन मे चोरी गये ट्रक व अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु तीन पुलिस टीमें गठित की गई । आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु सीसीटीवी कैमरा खंगाले एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया सीसीटीवी कैमरों के आधार पर ज्ञात हुआ की चोरी गये ट्रक के पीछे एक स्विफ्ट कार जा रही है जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर शिवपुरी का है एक पेट्रोल पंप पर उक्त चोरी गये ट्रक में डीजल डलाने पर भुगतान कार चालक द्वारा किया गया, उक्त कार का नंबर पता कर शिवपुरी मे कार मालिक का पता कर कार से संबंध मे पूछताछ की गई तो कार मालिक द्वारा बताया गया कि कार को उसका ड्रायवर सोनू ओझा 18 तारीक को लेकर गया है। जब उक्त कार चालक की जानकारी चाही तो सामने आया कि उसकी लोकेशन राजगढ़ जिला दौसा (राजस्थान) तरफ जाती हुई दिखी जिस पर से राजगढ़ पुलिस के सहयोग से उक्त स्विफ्ट कार चालकों को रोकने का प्रयास किया तो यह भाग गए बाद में घेराबंदी कर दो व्यक्तियों को पकड़ा व पूछताछ की गई तो उन्होंने उक्त ट्रक चोरी की घटना को अपने अन्य तीन साथियों के साथ घटना को अंजाम देना स्वीकार किया एवं बताया कि ट्रक कुमावत वर्कशॉप नसीराबाद राजस्थान में बेचने/काटने के लिये खड़ा है। जिस पर से कुमावत वर्कशॉप नसीराबाद राजस्थान से ट्रक कीमती करीब 20 लाख को जप्त किया गया आरोपियों द्वारा ट्रक की पहचान छुपाने हेतु फर्जी नबंर ट्रक पर लगा दिये दोनों आरोपियों गिर्राज ओझा निवासी बैराड और सोनू ओझा को गिरफ्तार किया एवं स्विफ्ट कार को जप्त किया एवं घटना मे शामिल अन्य तीन आरोपियों की तलाश जारी है। गिरफ्तार किये गये आरोपिगणों मे से एक आरोपी थाना बैराड़ जिला शिवपुरी का हिस्ट्रीसीटर है जिसपर थाना बैराड़ एवं ग्वालियर मे लूट एवं एटीएम से लूट के गंभीर अपराध पंजीबद्ध है । उक्त आरोपीयों से अन्य चोरी गये वाहनों के संबंध मे पूछताछ की जा रही है । इस मामले में अभी तीन आरोपी और फरार बताए जा रहे है जिसमें पुलिस ने एक आरोपी ट्रक का चालक तो दूसरा बिचौलिया और तीसरा खरीददार है जो चोरी के इस ट्रक को खरीद रहा था।

## सहाब बेटी के बदले बेवा ससुरालजनों से मांग रही है 3 लाख,नही दिए तो दहेज प्रताणना का आरोप लगाया

**शिवपुरी।**
बुधवार को पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल को एक परिवार के लोगों ने आवेदन देते हुए बेटी के बदले तीन लाख रूपए की मांग का आरोप लगाया है। साथ ही पैसे नहीं देने पर उक्त महिला ने पूरे परिवार पर दहेज प्रताणना का मामला दर्ज करा दिया है। जानकारी के अनुसार रमन पुत्र हरनाम लोधी के अनुसार उसके ब? भाई सुरेंद्र की शादी ठकुरपुरा पिछोर निवासी कल्पना पुत्री सूरज सिंह लोधी से हुई थी। शादी के बाद सब-कुछ अच्छा चल रहा था। दोनों के यहां एक बेटी सोनिका का जन्म हुआ। इसी दौरान करीब 3 साल पहले सुरेंद्र की बीमारी के चलते मौत हो गई, जिसके बाद कल्पना अपनी बेटी को लेकर मायके जाकर रहने लगी। रमन वह कई बार उन्हें लेने गए, लेकिन वह नहीं आई। तब ससुराल वालों ने कल्पना से कहा कि वह उनकी बेटी उनके सुपुर्द कर दे, ताकि वह उसे प?ा-लिखाकर अच्छी परवरिश दे सकें। इस पर कल्पना ने जायदाद में से हिस्सा मांगना शुरू कर दिया। बहू की मांग पूरी करने उसने अपने बेटे के हिस्से की 4 बीघा जमीन पोती सोनिका के नाम कर दी। यह बात कल्पना को नगबार गुजरी, क्योंकि कल्पना जमीन अपने नाम कराना चाहती थी। ससुराल वालों ने सोनिका के बेहतर भविष्य के लिए उसे पाने के काफी जतन किए, लेकिन जब कल्पना ने बेटी को वापस करने के ऐवज में 3 लाख रुपए की मांग रखी तो ससुर हरनाम के पैरों तले जमीन खिसक गई। आखिरकार मामले को सुलझाने के लिए समाज की पंचायत 14 सितंबर को बुलाई गई, जिसमें सभी पहलुओं पर बात हुई, परंतु बात नहीं बनी और पंचायत फैल हो गई। इस पंचायत में कल्पना के भाई ने ससुराल वालों को झूठे आपराधिक प्रकरण में फंसाने की धमकी दी। तो हरनाम और उसका बेटा रमन 15 तारीख को जब एसपी ऑफिस में शिकायत दर्ज कराने आए, तभी कल्पना ने पिछोर थाने में ससुर हरनाम सहित सास मीरा, ननद मालती पर मारपीट करने और दहेज प्रता?ना की एफआईआर दर्ज करा दी।




**एसपी ऑफिस के कैमरे में कैद इंसाफ**

रमन के अनुसार 14 तारीख को धमकी मिलने के बाद वह 15 सितंबर को मामले की शिकायत दर्ज कराने जब एसपी ऑफिस आए। उस समय भाभी मारपीट करना दर्शा रही है। रमन का कहना है कि भाभी के अनुसार हमने उनको दोपहर 12 बजे मारा-पीटा और प्रता?ित किया। जबकि घटना के समय हम एसपी ऑफिस में थे, इस बात की गवाही एसपी ऑफिस के सीसीटीवी कैमरे दे सकते हैं।

**आई नहीं तो कब और कहां पीटा**

इस पूरे मामले में हरनाम के गांव वालों सहित सरपंच ने एक पंचनामा तैयार करके दिया है कि कल्पना जिस तारीख की घटना बता रही है, उस तारीख को वह गांव में आई ही नहीं है। तो फिर उसके साथ मारपीट कब और कहां हुई।

# जिला अस्पताल के बाबू को रिश्वत लेते लोकायुक्त ने पकड़ा

भिण्ड। जिला अस्पता में पदस्थ बाबू को लोकायुक्त टीम ने रंगे हाथों पकड़ लिया। बताया गया है कि जिला अस्पताल की स्वास्थ्य शाखा में पदस्थ बाबू क्लीनिक संचालक पर क्लीनिक शील्ड करने की धमकी देकर रिश्वत की मांग की जा रही थी। क्लर्क ने क्लीनिक संचालक से 6 हजार रुपए मांगे थे। फरियादी ने पहले दो हजार रुपए दिए। शेष राशि जल्द देने का आश्वासन दिया। 4 हजार रुपए दिए जाने से पहले लोकायुक्त टीम से शिकायत की। लोकायुक्त एसआई सुरेंद्र यादव के मुताबिक मौ निवासी शैलेंद्र सिंह क्लीनिक चलाते हैं। फरियादी ने शिकायत की थी कि सीएमएचओ कार्यालय भिंड में पदस्थ क्लर्क अजेंद्र सिंह, राजकुमार दुबे व वाहन चालक कुछ दिनों पहले क्लीनिक पर पहुंचे। रिश्वत की मांग कर रहे थे। फरियादी की शिकायत पर आवाज को रिकॉर्ड कराया गया। इसके बाद फरियादी और क्लर्क के बीच बातचीत के मुताबिक बुधवार को4 हजार रुपए रिश्वत के दिए जाने थे। फरियादी को क्लर्क अजेंद्र ने सरकारी आवास पर बुलाया। इन रुपयों को एक लिफाफे में रखकर विशेष प्रकार का केमिकल लगाया गया था। यह राशि देकर फरियादी वापस लौटा, वैसे ही लोकायुक्त पुलिस ने छापा मार कर पकड़ लिया। क्लर्क के हाथ धुलवाए गए, जिससे केमिकल की वजह से कलर युक्त पानी हाथों से निकला। क्लर्क के खिलाफ केस बनाया



गया। पूरे मामले की जांच की जा रही है। लोकायुक्त पुलिस ने अजेंद्र के अलावा राजकुमार दुबे व वाहन चालक के खिलाफ भी जांच शुरू कर दी।

### पहले दो हजार दिए, अब पकड़ाया

शैलेंद्र सिंह का कहना है कि वो मौ कस्बे में क्लीनिक संचालित करता है। वो डिप्लोमा लेकर एक्यूपंक्चर की क्लीनिक संचालित करता है। उसने क्लीनिक लेने से पहले मान्यता ली है। सभी नियमों को पूरा किया। फरियादी ने मीडिया के सामने बयान देते हुए कहा कि हर साल स्वास्थ्य विभाग के अजेंद्र सिंह, राजकुमार और एक ड्राइवर जिलेभर के क्लीनिकों से छह-छह हजार रुपए की वसूली करते हैं। जो लोग रिश्वत नहीं देते, उनके क्लीनिक को सील करने की धमकी दी जाती है। इन लोगों द्वारा मेरा क्लीनिक सील करने की धमकी दी गई। मुझ से भी छह हजार रुपए मांगे गए। इस पर पहले मैंने दो हजार दिए फिर ग्वालियर पहुंचकर लोकायुक्त विभाग में शिकायत की। रिश्वत की शेष चार हजार की रकम आज दी जानी

## वर्चुअल कार्यकम पोस्ट ऑफिस कलेक्ट्रेट भिण्ड में होगा

### समस्त इलैक्ट्रोनिक एवं प्रिन्ट मीडिया के पत्रकार बन्धु सादर आमंत्रित

भिण्ड । न्यायालय जबलपुर मोहम्मद रफीक प्रशासनिक अधिकारी म0प्र0 उच्च न्यायालय जबलपुर एवं कार्यपालक अध्यक्ष राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा संपूर्ण प्रदेश के पोस्ट ऑफिसों के माध्यम से विधिक सेवा प्रदाय किये जाने विषयक कार्यक्रम का शुभारंभ दिनांक 23.09.2021 को सांय 04.45 बजे वर्चुअल माध्यम से किया जायेगा। तदुपरान्त प्रधान जिला न्यायाधीश भिण्ड के द्वारा कचहरी पोस्ट ऑफिस भिण्ड पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर की विभिन्न योजनाओं एवं निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दिये जाने वाली विभिन्न डिस्प्ले बोर्ड को स्थापित किये जाने विषयक कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया जायेगा। कार्यक्रम में समस्त इलैक्ट्रोनिक एवं प्रिन्ट मीडिया के पत्रकार बन्धु सादर आमंत्रित है।

## राजस्व अमला नियम निर्देशों का विधिवत करें पालन : कलेक्टर



**राजस्व विभाग से संबंधित नियमए निर्देश उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न**

भिण्ड । जिले के राजस्व अमला एवं अधिवक्ताओं का एक दिवसीय राजस्व नियम निर्देशों तथा उसके अनुरूप विभागीय उपलब्ध पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन सेवाओं पर की जानकारी के संबंध में कलेक्टर कार्यालय के सभागार में कार्यशाला आयोजित की गई।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कहा कि राजस्व अमले के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा अधिवक्ता शासन के राजस्व नियमों निर्देशों का गहन अध्ययन कर उसके निर्देशों के अनुरूप पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि विभागीय उपलब्ध पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन सेवाओं की जानकारी विस्तृत रूप से कार्यशाला में प्रशिक्षकों द्वारा दी जाए। जिससे सभी पूर्ण दक्ष हो सके और अपनी पूरी क्षमता के साथ शासन के नियमानुसार कार्य कर सकें। कार्यशाला को संबोधित करते हुए अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारें ने कहा राजस्व से जुड़ी हुई सेवाओं तथा पोर्टल से संबंधित आयोजित इस उन्मुखीकरण कार्यशाला में सभी राजस्व रुचि लेकर गंभीरता पूर्वक प्रशिक्षण ग्रहण करें जिससे उन्हें राजस्व से संबंधित निर्देशों एवं सेवाओं की जानकारी मिल सके। अपर कलेक्टर ने कहा कि नामांतरण, बंटवारा, नक्शा, तरमीम एवं सीमांकन की ऑनलाइन फीडिंग के संबंध में विधिवत प्रशिक्षण प्राप्त करें तथा इसके संबंध में रुचि लेकर कार्य करें। आयोजित कार्यशाला में डायवर्शन संबंधित नियमों एवं निर्देशोंए नामांतरणए बंटवाराए नक्शाए तरमीम एवं सीमांकन की ऑनलाइन फीडिंग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में एडीएम प्रवीण फुलपगारे, संयुक्त कलेक्टर वरुण अवस्थी, एसडीएम उदय सिंह सिकरवार, शुभम शर्मा, आरए प्रजापति, डिप्टी कलेक्टर एवं पीओ डूडा महेश बड़ोले सहित समस्त राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।

## ऊमरी में 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मंजूर

### विधायक संजीव सिंह द्वारा स्वास्थ्य केन्द्र के उन्नयन के लिए शासन को भेजे प्रस्ताव पर लगी मंजूरी की मौहर

### अब किसी को इलाज के लिए नहीं भागना पड़ेगा भिण्ड अस्पताल : संजीव सिंह



भिण्ड। भिण्ड से लगभग 15 कि.मी. दूर ऊमरी ग्राम पंचायत में अब तक 6 बिस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित था। जिससे आसपास के कई गांव स्वास्थ्य बिगड़ने पर भिण्ड अस्पताल की ओर भागते हैं, कभी-कभी स्थिति ऐसी भी बन जाती है कि जिला अस्पताल दूर होने की वजह से कई मरीजों को अपनी जान गंवानी पड़ी। इस समस्या से भी लोगों को जल्द मुक्ति मिल जायेगी। विधायक संजीव सिंह कुशवाह के प्रयासों से शासन द्वारा 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की मंजूरी मिल चुकी है। जो लगभग एक वर्ष में बनकर तैयार हो जायेगा। इसके लिए विधायक संजीव सिंह ने पूर्व में शासन को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उन्नयन करने के लिए प्रस्ताव भेजा था। जिस पर शासन ने स्वीकृति की मौहर लगा दी है। 6 बिस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन होने से ऊमरी सहित आसपास की कई ग्राम पंचायतों को इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर विधायक संजीव सिंह कुशवाह ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुलने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। लोगों को रात में भिण्ड आने में काफी परेशानी होती थी, कई वर्षों से क्षेत्रवासियों द्वारा की मांग को पूरा किया गया है। इस स्वास्थ्य केन्द्र से ऊमरी सहित आसपास के सैकड़ों गांवों के लोगों को चिकित्सा सुविधा के लिए भिण्ड अस्पताल जाने से निजात मिलेगी हीं साथ में निजी अस्पतालों के खर्चे से भी मुक्ति मिलेगी। अस्पताल की मिली सौगात से क्षेत्र में खुशी की लहर है। ऊमरी क्षेत्र के वीरेन्द्र यादव पुन्नू जिलाध्यक्ष यादव महासभा भिण्ड एव विधायक प्रतिनिधि ने क्षेत्रवासियों की ओर विधायक संजीव सिंह का आभार व्यक्त किया।

### इन गांव को मिलेगा स्वास्थ्य सुविधा का लाभ

ऊमरी क्षेत्र के आसपास आने वाले गांव बराकला, कनावर, बझाई, पाण्डरी, पुलावली, लहरौली, टेहनगुर, सगरा, सरसई, मधुपुरा, द्वार, सनावई, किशोर सिंह का पुरा, बिलाव, सेंवढ़ा, नुन्हाटा अकोड़ा एवं सिकाहटा आदि 140 गांव की करीब एक लाख 80 हजार आबादी स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर 20 से 40 किमी दूर इलाज के लिए आवागमन करने को मजबूर है। इन गांव को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा।

## अनुपस्थित 13 कर्मचारियों को नोटिस

भिण्ड । प्राचार्य डाईट भिण्ड ने बताया कि राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे 2021 के तहत डाईट में राष्ट्रीय महत्व के उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन प्रातः10ण्30 बजे उपस्थित रहने हेतु 13 अधिकारीध्कर्मचारियों को निर्देषित किया गया था। परन्तु उक्त उन्मुखीकरण कार्यक्रम में बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर 13 अधिकारीध्कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दो वेतनवृद्धि रोकने का प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को भेजने एवं तीन दिवस में सप्रमाण जवाब प्रस्तुत करने के निर्देष दिए गए है। समयावधि में जवाब प्रस्तुत ना करने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। जिन अधिकारीध्कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये हैं उनमें क्लस्टर एनएएस प्रभारी राजीव सिंह भदौरिया बडापुराए राजीव शर्मा बरोही, संजय सिंह राजावत बिलाव, गिरीष कुमार थापक खनेता, भूपेन्द्र सिंह यादव कन्या मौ, प्राचार्य जनशिक्षा केन्द्र शा.हाईस्कूल बरोही, प्राचार्य जनशिक्षा केन्द्र शाउमावि मसूरीए प्राचार्य जनशिक्षा केन्द्र शाउमावि क्र.2, प्राचार्य जनशिक्षा केन्द्र शा.हाईस्कूल डिडी, प्राचार्य जनशिक्षा केन्द्र शाउमावि असवारए प्राचार्य जनशिक्षा केन्द्र शाकउमावि मेहगांव, प्राचार्य जनशिक्षा केन्द्र शाबाउमावि मिहोना एवं क्लस्टर एनएएस प्रभारी दबोह महिपाल सिंह कौरव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## उपाध्याय दयाऋषि के सानिध्य में धूमधाम से मनाया गया क्षमावाणी महापर्व एव पत्रकारों को किया गया सम्मान



फूप। जिले के फूप कस्बे में जैन संत उपाध्याय श्री 108 दयाऋषि गुरुदेव का प्र्यूषण पर्व में लगातर 10 दिन तक अन्न जल त्याग कर उपवास चल रहा था। मगलवार को यह उपवास पूर्ण हुआ मगलवार को क्षमावाणी पर्व परने पर गुरुदेव के पावन सानिध्य में धूमधाम से पार्श्वनाथ दिंगबर जैन मंदिर बस्ती फूप में बनाया गया जिसमें प्रातः श्री जी का अभिषेक पूजन विधान से किया गया और जिनेद्रा भगवान का महा अभिषेक शांतिधारा की गई आरती एवं संस्कृतिक कार्यक्रम सामन्न हुये इतना ही नहीं मिडिया प्रभारी अमन जैन के दुआरा पत्रकारो को किय सोल और नारियाल देकर सम्मान किया गया और उन्होंने सम्मान करते कहा पत्रकार ही हमारी आवाज कलम के जरुरत पूरे हिंदुस्तान में पहुंचाते हैं इसलिए पत्रकारों को सबसे पहले समान किया जाए। मिडिया प्रभारी अमन जैन बताया कि दयाऋषि के कठोर तप और उपवास साधना में भगवान महावीर का प्रतिबिम्ब नजर आते हैं इस युग में कभी कभी जन्म लेते हैं और लोगो का कल्याण करते हैं गुरुदेव ने धर्म सभा श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा की बिना तपे मोक्ष नहीं होता मोक्ष प्राप्त करने के लिए तपस्या का पुरूषाथ करना पड़ता हैं।

## कलेक्टर द्वारा सीएससी ई.श्रम कार्ड जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



भिण्ड। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा श्रम कार्ड का सीएससी वीएलई के द्वारा बाइक रैली को कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं सीईओ जिला पंचायत जेके जैन के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखा कर जिला पंचायत कार्यालय की ओर रवाना किया।

अर्ध कुशल श्रमिक एवं कुशल श्रमिक का एक डेटाबेस भारत सरकार के द्वारा तैयार किया जा रहा है जिसमें एक यूनिट नंबर प्रत्येक श्रमिक को दिया जाएगा जिससे केंद्र सरकार की आगे आने वाली योजना तैयार की जाएगी एवं इसमें हितग्राही का आधार कार्ड ईकेवाईसी के माध्यम से एक कार्ड बनेगा इस कार्य के लिए हितग्राही की पात्रता उम्र 16 साल से 59 वर्ष होनी चाहिए तथा हितग्राही आयकर दाता नहीं होना चाहिए हितग्राही ईपीएफ्ओ एवं ईएसआईसी का सदस्य नहीं होना चाहिए एवं असंगठित श्रमिकों की श्रेणी में पात्र होना चाहिए इस कार्ड को बनवाने के लिए आधार कार्ड, बैंक खाता, मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से होना चाहिए श्रम का कार्ड पंजीयन कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से जिले में संचालित किसी भी सेंटर पर जाकर कराया जा सकता है जो कि पूर्णता निःशुल्क जिला प्रबंधक सीएससी पंकज शर्मा के माध्यम से बताया गया कि कॉमन सर्विस सेंटर प्रत्येक ग्राम पंचायत में संचालित है एवं शहरी क्षेत्र में भी सीएससी संचालक इस कार्ड के पंजीयन कर सकते हैं जिला प्रबंधक के द्वारा अपील की गई है कि जितने भी असंगठित मजदूर नजदीक सेंटर पर जाकर पंजीयन करवाएं एवं सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

## सात दिवसीय एक कुंडीय सत् चण्डी महा यज्ञ

### श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ की कलश यात्रा में भक्तों का उमड़ा भारी जन सैलाब



भिण्ड। भिंड जिले के लहार अनुविभाग के रौंन जनपद पंचायत के गुढा गांव में स्थित ओंकारेश्वर महादेव मंदिर के पास 22 सितम्बर से सात दिवसीय एक कुंडीय सत चण्डी महा ज्ञान यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ की कलश यात्रा का भव्य शुभारम्भ मिहोना नगर के ऐतिहासिक धाम सूर्य मंदिर बालाजी धाम से भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो कि नगर के मुख्य मार्ग से मछन्ड तिराहा पहुंची जहां से मुख्य मार्ग होते हुए खितौली से मछन्ड रोड होते हुए कलश यात्रा निकाली गई। जिसका ग्रामीणों ने जगह जगह पुष्प बर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। मछन्ड़ रोड होते हुए गुढा गांव के ओंकारेश्वर महादेव मंदिर के पास स्थित कथा स्थल तक पहुंची जहाँ विधि विधान से पूजन कथा व्यास मंनी प्रिया शास्त्री जी व्रन्दावन धाम के द्वारा कराया गया जिसमे मुख्य यजमान श्री मती सरला शिवपाल सिंह राजावत ;उप पुलिस अधीक्षक क्राइम ब्रांच भोपालद्ध कथा परीक्षत सुनीता मानसिंह राजावत अयोजक महा योगी श्री श्री महंत राज राजेश्वरी गिरी जी खड़े श्वरी महाराज शिद्ध पीठ आश्रम बड़ी माता मंदिर मछन्ड भक्तजन व ग्रामीणों की भारी भीड़ रही।

## बिजली बिल की बकाया राशि जमा न करने पर 100 बिजली उपभोक्ताओं की होगी कुर्की


वितरण केन्द्र ऊमरी भिण्ड

भिण्ड। ऊमरी वितरण केन्द्र के अंतर्गत एक लाख से अधिक बिजली बिल बकाया राशि को लेकर सभी प्रमुख कृषि उपभोक्ताओं को पूर्व में कुर्की की कार्यवाही हेतु 15 दिवसीय एवं 7 दिवसीय अंतिम सूचना पत्र तामील करा दिये गये थे। इसके उपरांत भी बकाया राशि के बिल जमा न करने उपरांत बिजली कंपनी मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार बिजली कम्पनी भिण्ड के पदेन तहसीलदार किशन अहिरवार द्वारा ड्यूज रिकवरी एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही करने निर्णय लिया है। फिलहाल प्रथम चरण में 100 कृषि उपभोक्ताओं की कुर्की हेतु वितरण केन्द्र ऊमरी से पदेन तहसीलदार को जानकारी भेजी गई है। प्रथम चरण के इन 100 उपभोक्ताओं पर बकाया राशि 1.7 करोड़ है जो कुर्की की कार्यवाही हेतु प्रथम चरण में चिन्हित किये गये हैं। इसके पूर्व भी कुछ कृषि उपभोक्ताओं के बकाया राशि पर ट्राँसफार्मरों को भी उतारा गया था लेकिन अभी बारिश एवं खेतों में फसल खड़ी होने के कारण बिजली वाहन नहीं पहुंच पा रहे हैं। फसल कटने उपरांत बकाया राशि पर कृषि उपभोक्ताओं के ट्रांसफार्मरों को उतारने का सिलसिला जारी रहेगा।

## मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा आजादी अमृत महोत्सव अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



भिण्ड । मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक की भिण्ड जिले की शाखाओं द्वारा जिला भिण्ड में संचालित शासकीय - अशासकीय विद्यालयों में आजादी का अमृत महोत्सव अवधि के दौरान में भारत के विकास में बैंकों की भूमिका शीर्षक पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के द्वारा भारत के विकास में बैंकों की भूमिका के सम्बंध में बताया और बैंक एवं शासन के द्वारा संचालित विभिन्न विकास उन्मुख एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में चर्चा की गई।

उल्लेखनीय है कि वित्तीय सेवा विभागए वित्त मंत्रालयए भारत सरकार तथा नाबार्ड द्वारा वित्तीय साक्षरता शिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से विधालय के छात्रों को देश के विकास में बैंकों की भूमिका के सम्बंध में अवगत करवाया गया एवं उन्हें प्रोत्साहित करने के लिये निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंकए शाखा भिण्ड मुख्य द्वारा उक्त प्रतियोगिता के पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को प्रथमए द्वितीयए तृतीय एवं सांत्वना पुरुस्कार प्रदान किया गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय प्रबंधक ग्वालियर दीप कुमार पाण्डेयए अग्रणी जिला प्रबंधक भिण्ड एस.के वर्मा, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड, शाखा भिण्ड मुख्य के शाखा प्रबंधक दीपेन्द्र द्विवेदी, क्षेत्रीय कार्यालय अधिकारी सुमित तिवारी एवं गौरव चतुर्वेदी उपस्थित हुये।

## डायवर्सन व्यपवर्तन हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया का करें उपयोग, शुल्क का भुगतान भी ऑनलाइन

भिण्ड। मध्य प्रदेश भू-राजस्य संहिता भू-राजस्व का निर्धारण तथा पुनर्निर्धारण नियम 2018द्ध अंतर्गत डायवर्सन व्यपवर्तन के संबंध में प्राप्त निर्देशानुसार सूचित किया जाता है की डायवर्सन व्यपवर्तन हेतु ऑफलाइन प्रक्रिया में संशोधन करते हुए ऑनलाइन प्रक्रिया लागू की गई है। जिसके अंतर्गत डायवर्सन व्यपवर्तन की सूचना हेतु आवेदन शासन की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन जमा कर सकते है तथा निर्धारित शुल्क का भुगतान भी वेब साइट के माध्यम से ऑनलाइन बैंकिंग के साधनों का उपयोग कर जमा किया जा सकता है। इस हेतु पोर्टल पर उपलब्ध डायवर्सन ऑनलाइन प्रक्रिया मैन्युअल में दर्शित प्रक्रिया का पालन करना होगा। उक्त प्रक्रिया हेतु किसी भी अधिकारीध्कर्मचारी/अथवा अन्य किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को ऑफलाइन आवेदन देने की आवश्यकता नहीं है। नियमानुसार डायवर्सन से आशय भू-राजस्व के पुनर्निर्धारण से है। व्यवहारिक रूप से प्रत्येक भूमि भूखंड का भू-राजस्व उसके उपयोग के अनुसार निर्धारित है जब किसी भूमिध्खण्ड के उपयोग में परिवर्तन किया जाता है तो इसका आशय व्यपवर्तन या डायवर्सन होता हैए जैसे कृषि से आवासीय, आवासीय से व्यावसायिक तथा कृषि से व्यावसायिक आदि। पोर्टल पर लॉगिन करने के पश्चातए डैशबोर्ड पर दर सूचीध्रेट स्पेज उपलब्ध है। उपयोगकर्ता दर सूची पर क्लिक कर दरों को देख सकते है।

## पाकिस्तान का गंदा खेल

अपनी फितरत के मुताबिक अब पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में डर्टी गेम चालू कर दिया है। ब्रिटेन की एक मैग्जीन ने दावा किया है कि हक्कानी नेटवर्क और तालिबान के बीच हुए खूनी संघर्ष में सर्वोच्च नेता हिबतुल्लाह अखुंदजादा का कत्ल कर दिया गया है। वहीं उप प्रधानमंत्री मुल्ला बरादर को बंधक बनाकर रखा गया है। हक्कानी नेटवर्क और तालिबान के बीच सत्ता संघर्ष शुरू होने का का लगातार दावा किया जा रहा है। अब यह जानकारी सामने आ रही है कि इस संघर्ष में पाकिस्तान अपना फायदा तलाश रहा है। अपने फायदे के लिए पाकिस्तान हक्कानी नेटवर्क को लगातार बढ़ावा दे रहा है। करीब एक महीने पहले तालिबान ने पूरे अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया था। बंदूक की नोंक और डंके की चोट पर आतंकी संगठन ने वहां सरकार भी बनाई। लेकिन अब तालिबान के अंदर ही गुटीय संघर्ष शुरू हो चुका है। कंधार सेक्शन का नेतृत्व मुल्ला मोहम्मद याकूब ओमारी कर रहे हैं जबकि काबुल में एक गुट का नेतृत्व दुनिया के सबसे खूंखार आतंकवादी संगठनों में शामिल हक्कानी नेटवर्क का सिरमौर सिराजुद्दीन हक्कानी कर रहा है। अफगानिस्तान की नई तालिबानी सरकार में प्रधानमंत्री बनाए गए हबीतुल्लाह अखुंदजादा कहीं नजर नहीं आ रहा। उसे लेकर यह कयास लगाए जा रहे हैं कि उसकी मौत हो चुकी है। मुल्ला अब्दुल गनी बरादर को हक्कानी नेटवर्क से जुड़े आतंकवादियों ने किडनैप कर लिया है। मुल्ला अब्दुल गनी बरादर की गिनती उन लोगों में होती है जिन्होंने यूएस से शांति वार्ता की शुरुआत की थी। अफगानिस्तान की नई सरकार के रक्षा मंत्री मुल्ला याकूब चाहते हैं कि पाकिस्ता की खुफिया एजेंसी आईएसआई उनकी सरकार में दखलअंदाजी बंद करे। जो अफगानिस्तान को पाकिस्तान अधिकृत क्षेत्र मानते हैं। मुल्ला बरादर यह चाहता है कि यूएस, कतर, यूके और पाकिस्तान को सम्मान दिया जाए और एक समावेशी सरकार बने। इस सरकार में अल्पसंख्यकों और महिलाओं को भी तवज्जो दी जाए। कहा जा रहा है कि इसी बात को लेकर हक्कानी गुट और तालिबान गुट आमने-सामने हैं। अफगानिस्तान में इस बदले हालात के लिए कई जानकार पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई को भी जिम्मेदार मानते हैं। पाकिस्तान अपने फायदे के लिए काबुल में हक्कानी नेटवर्क और उसके आतंकियों का इस्तेमाल कर रहा है। इस पूरी पिक्चर में पाकिस्तान की चालाकी उस वक्त उजागर हो गई जब आईएसआई चीफ लेफ्टिनेंट जनरल फैज हामिद काबुल पहुंचे। कहा जा रहा है कि तालिबान और हक्कानी के बीच बढ़ी दूरी की एक वजह पाकिस्तान है। हक्कानी नेटवर्क के करीब 6,000 से ज्यादा लड़ाकू अभी काबुल की सड़कों पर मौजूद हैं। इनेक पास घातक हथियार हैं। आईएसआई लगातार हक्कानी नेटवर्क को प्रोत्साहित कर रही है। हक्कानी, तालिबान सरकार में अल्पसंख्यकों और महिलाओं की भागीदारी बिल्कुल नहीं चाहते हैं। अफगानिस्तान के शीर्ष नेता हबीतुल्लाह अखुंदजादा कई दिनों से नजर नहीं आ रहे। कंधार और काबुल सेक्शन के बीच सत्ता संघर्ष के खत्म करने में हबीतुल्ला का अहम रोल माना जाता रहा है। खुफिया एजेंसियों का कहना है कि करांची के एक आर्मी कैंप में करीब 5 महीने पहले अखुंदजादा को देखा गया था लेकिन उसके बाद वो नजर नहीं आए। ऐसे में इस बात की पूरी आशंका है कि उनकी हत्या कर दी गई। हक्कानी नेटवर्क का सेंटर पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान में है और यह 1980 के दशक से ही डूरंड रेखा के दूसरी तरफ आतंकी गतिविधियों को चला रहा है। साल 2001 में अमेरिका में हुए आतंकी हमले के बाद इस संगठन ने तालिबान नेताओं को वहां से भगाने और पाकिस्तान में पनाह देने में अहम भूमिका निभाई थी।

## चिंतन : घातक साबित होती डेंगू के प्रकोप की अनदेखी

**योगेश कुमार गोयल**

उत्तर प्रदेश से लेकर बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र इत्यादि कई राज्य इस समय वायरल बुखार और डेंगू के कहर से जूझ रहे हैं। उत्तर प्रदेश में तो रहस्यमयी मानी जा रही बीमारी के अधिकांश मामलों में बहुत से मरीजों में डेंगू की पुष्टि भी हुई है। डेंगू और वायरल बुखार से विभिन्न राज्यों में सैंकड़ों मरीजों की मौत हो चुकी है। देश में प्रायः मानसून के समय जुलाई से अक्तूबर के दौरान डेंगू के सर्वाधिक मामले सामने आते हैं। दरअसल मानसून के साथ डेंगू और चिकनगुनिया फैलाने वाले मच्छरों के पनपने का मौसम भी शुरू होता है, इसीलिए इस बीमारी को लेकर लोगों में व्यापक जागरूकता की जरूरत महसूस की जाती रही है लेकिन इस मामले में सरकारी तंत्र का हर साल बेहद लचर रवैया सामने आता रहा है, जिस कारण देखते ही देखते डेंगू का प्रकोप कई राज्यों को अपनी चपेट में ले लेता है। डेंगू प्रतिवर्ष खासकर बारिश के मौसम में लोगों को निशाना बनाता है और पिछले साल भी इसके कारण सैंकड़ों लोगों की मौत हुई थी। देश के अनेक राज्यों में अब हर साल इसी प्रकार डेंगू का कहर देखा जाने लगा है, हजारों लोग डेंगू से पीड़ित होकर अस्पतालों में भर्ती होते हैं, जिनमें से कई दर्जन लोग मौत के मुंह में भी समा जाते हैं। दरअसल डेंगू आज के समय में ऐसी बीमारी बन गया है, जिसके कारण प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो जाती है। यह घातक बीमारियों में से एक है, जिसका यदि समय से इलाज न मिले तो यह जानलेवा हो सकता है।

डेंगू के कई राज्यों में बढ़ते मामलों को देखते हुए मौजूदा समय में डेंगू से बचाव को लेकर अत्यधिक सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि कोविड काल में डेंगू सहित अन्य बीमारियों के जोखिम को नजरअंदाज करना काफी खतरनाक हो सकता है। डेंगू का प्रकोप अब पहले के मुकाबले और भी भयावह इसलिए होता जा रहा है क्योंकि अब डेंगू के कई ऐसे मरीज भी देखे जाने लगे हैं, जिनमें डेंगू के अलावा मलेरिया या अन्य बीमारियों के भी लक्षण होते हैं और इन बीमारियों के एक साथ धावा बोलने से कुछ मामलों में स्थिति खतरनाक हो जाती है। डेंगू बुखार हमारे घरों के आसपास खड़े पानी में ही पनपने वाले ऐडीस मच्छर के काटने से होने वाला एक वायरल संक्रमण ही है। ऐडीस मच्छर काले रंग का स्पॉटेड मच्छर होता है, जो प्रायः दिन में ही काटता है। डेंगू का वायरस शरीर में प्रविष्ट होने के बाद सीधे शरीर के प्रतिरोधी तंत्र पर हमला करता है। इस मच्छर का सफाया करके ही इस बीमारी से पूरी तरह से बचा जा सकता है। वैसे बीमारी कोई भी हो, उसके उपचार से बेहतर उससे बचाव ही होता है और डेंगू के मामले में तो बचाव ही सबसे बड़ा हथियार माना गया है।

डेंगू प्रायः दो से पांच दिनों के भीतर गंभीर रूप धारण कर लेता है। ऐसी स्थिति में प्रभावित व्यक्ति को बुखार आना बंद हो सकता है और रोगी समझने लगता है कि वह ठीक हो गया है लेकिन वास्तव में ऐसा होता नहीं है बल्कि यह स्थिति और भी खतरनाक होती है। अतः बेहद जरूरी है कि आपको पता हो कि डेंगू बुखार होने पर शरीर में क्या-क्या प्रमुख लक्षण उभरते हैं। डेंगू के अधिकांश लक्षण मलेरिया से मिलते-जुलते होते हैं लेकिन कुछ लक्षण अलग भी होते हैं। तेज बुखार, गले में खराश, ठंड लगना, बहुत तेज सिरदर्द, थकावट, कमर व आंखों की पुतलियों में दर्द, मसूडों, नाक, गुदा व मूत्र नलिका से खून आना, मितली व उल्टी आना, मांसपेशियों व जोड़ों में असहनीय दर्द, हीमोग्लोबिन के स्तर में वृद्धि, शरीर पर लाल चकते (खासकर छाती पर लाल-लाल दाने उभर



आना), रक्त प्लेटलेट (बिम्बाणुओं) की संख्या में भारी गिरावट इत्यादि डेंगू के प्रमुख लक्षण हैं।

डेंगू से बचाव के लिए लोगों का इसके बारे में जागरूक होना बेहद जरूरी है क्योंकि उचित सावधानियां और सतर्कता बरतकर ही इस जानलेवा बीमारी से बचा जा सकता है। घर की साफ-सफाई का ध्यान रखा जाना बहुत जरूरी है। घर या आसपास के क्षेत्र में डेंगू का प्रकोप न हो, इसके लिए जरूरी है कि मच्छरों के उन्मूलन का विशेष प्रयास हो। डेंगू फैलाने वाले मच्छरों का पनपना रोकें। कुछ अन्य जरूरी बातों पर ध्यान देना भी आवश्यक है। जैसे, अपने घर में या आसपास पानी जमा न होने दें। जमा पानी के ऐसे स्रोत ही डेंगू मच्छरों की उत्पत्ति के प्रमुख कारक होते हैं। यदि कहीं पानी इकट्ठा हो तो उसमें केरोसीन ऑयल या पैट्रोल डाल दें ताकि वहां मच्छरों का सफाया हो जाए। पानी के बर्तनों, टंकियों इत्यादि को अच्छी प्रकार से ढ़ककर रखें। कूलर में पानी बदलते रहें। यदि कूलर में कुछ दिनों के लिए पानी का इस्तेमाल न कर रहे हों तो इसका पानी निकालकर कपड़े से अच्छी तरह पोंछकर कूलर को सुखा दें। खाली बर्तन, खाली डिब्बे, टायर, गमले, मटके, बोतल इत्यादि में पानी एकत्रित न होने दें। बेहतर यही होगा कि ऐसे कबाड़ और इस्तेमाल न होने वाले टायर इत्यादि को नष्ट कर दें। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि कहीं भी पानी जमा होकर सड़ न रहा हो। घर के दरवाजों, खिड़कियों तथा रोशनदानों पर जाली लगवाएं ताकि घर में मच्छरों का प्रवेश बाधित किया जा सके। पूरी बाजू के कपड़े पहनें। हाथ-पैरों को अच्छी तरह ढ़ककर रखें। मच्छरों से बचने के लिए मॉस्कीटो रिपेलेंट्स का प्रयोग कर सकते हैं लेकिन सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करना मच्छरों से बचाव का सस्ता, सरल, प्रभावी और हानिरहित उपाय है। डेंगू के लक्षण उभरने पर तुरंत योग्य चिकित्सक की सलाह लें।

किसी व्यक्ति को डेंगू हो जाने पर उसे पौष्टिक और संतुलित आहार देते रहना बेहद जरूरी है। तुलसी का उपयोग भी काफी लाभकरी है। आठ-दस तुलसी के पत्तों का रस शहद के साथ मिलाकर लें या तुलसी के 10-15 पत्तों को एक गिलास पानी में उबाल लें और जब पानी आधा रह जाए, तब पी लें। नारियल पानी पीएं, जिसमें काफी मात्रा में इलैक्ट्रोलाइट्स होते हैं, साथ ही यह मिनरल्स का भी अच्छा स्रोत है, जो शरीर में ब्लड सेल्स की कमी को पूरा करने में मदद करते हैं। विटामिन सी शरीर के इम्यून सिस्टम को सही रखने में मददगार होता है। इसलिए आंवला, संतरा, मौसमी जैसे विटामिन सी से भरपूर फलों का सेवन करें। बुखार होने पर पैरासिटामोल का इस्तेमाल करें और ध्यान रखें कि बुखार किसी भी हालत में ज्यादा न बढ़ने पाए लेकिन ऐसे मरीजों को एस्प्रिन, ब्रूफिन इत्यादि दर्दनाशक दवाएं बिल्कुल न दें क्योंकि इनका विपरीत प्रभाव हो सकता है। हां, उल्टियां होने पर रोगी को नसों द्वारा ग्लूकोज चढ़ाना अनिवार्य है। स्थिति थोड़ी भी बिगड़ती देख तुरंत अपने चिकित्सक से सम्पर्क करें। फिलहाल डेंगू से बचाव के उपाय ही सबसे अहम हैं क्योंकि अभी तक इसकी कोई वैक्सीन नहीं बनी है।

## ध्वनि का प्राणी शरीर पर प्रभाव

यह जानकर खुश होगें की ध्वनि का प्रभाव प्रत्येक जीव के शरीर पर पड़ता है। वर्तमान औधोगिकी करण और तकनीकि से ध्वनि प्रदूषण अधिक मात्रा में बढ़ रहा है। इस ध्वनि प्रदूषण के परिणाम देखते हुये नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. राबर्ट कॉक ने सन् 1925-26 में एक बात कही थी एक दिन ऐसा आयेगा, जब पूरे विश्व में स्वस्थ्य का सबसे बड़ा शत्रु ध्वनि प्रदूषण होगा। यह ध्वनि प्रदुषण दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। मानव का मन, मस्तिष्क और शरीर बहुत संवेदन शील हैं। यह ध्वनि तरगों के प्रति भी बेहद संवेदन शील है। जैसे जब कोई संगीत सहित, गीत गाता है,या वाद्य बजाता है तो मन अपने आप उस पर केन्द्रित हो जाता है उसे सुनते ही अंग-अंग थिरकने लगता है, मन प्रसन्नता से भर जाता है, शरीर में आनंद की लहर छा जाती है। इसके विपरीत कानो को अप्रिय लगने वाली तेज ध्वनि सुनाई देती है तब मानव को शारीरिक और मानसिक दोनो तरह की परेशानी होती है। जिससे व्यक्ति का मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है एवं स्वस्थ्य खराब हो जाता है। वह बहरा और पागल भी हो सकता है। डेसी बल ध्वनि की तीब्रता नापने की इकाई है। इसका अविष्कार 'ग्राहमबेल' बैज्ञानिक ने किया था। आधुनिक वैज्ञानिकों का कहना है कि 150 डेसीबल की ध्वनि बहरा भी बना सकती है। 160 डेसीबल की ध्वनि त्वचा जला देती है। 180 डेसीबल की ध्वनि मौत की नींद सुला सकती है। 120 डेसीबल की ध्वनि ह्रदयगति बढ़ना प्रारंभ हो जाती है। जिससे ह्रदय रोग एवं उच्च रक्त चाप की बीमारी जन्म लेती है। हर मानव को 60 डेसीबल तक की ध्वनि वाले वातावरण में रहना चाहिए प्रदूषण की श्रेणी में 75 डेसीबल से अधिक की ध्वनि शोर आता है।

## उत्तराखंड में हरीश रावत ही बन रहे है कांग्रेस के खेवइया !

**श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

सन 2022 में हो रहे उत्तराखण्ड विधानसभा चुनाव के लिए हरीश रावत खेवइया बनकर उभर रहे है।पहले पंजाब संकट से जूझते हुए हालात सामान्य बनाने में कामयाब हुए हरीश रावत ने उत्तराखंड में भी चुनाव अभियान समिति की कमान संभालकर यह साफ संकेत दे दिया है कि आने वाला समय अब कांग्रेस का है।उन्ही के नेतृत्व में कांग्रेस ने सत्ता में वापसी के लिए 3 सितंबर से परिवर्तन यात्रा शुरू की हुई है।यात्रा की शुरुआत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के क्षेत्र खटीमा से हुई थी,जो अब द्वितीय चरण के रूप में 18 सितंबर से गढ़वाल में हरिद्वार से शुरू हो रही है। बीजेपी ने भी अपनी जन आशीर्वाद यात्रा के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के क्षेत्र श्रीनगर से तीन सितंबर से शुरू की थी। कांग्रेस पूरी ताकत से विधानसभा चुनाव के लिए हाथ-पांव मार रही है।वह सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ वातावरण निर्माण के लिए परिवर्तन यात्रा कर रही है। कांग्रेस परिवर्तन यात्रा के माध्यम से बीजेपी की खामियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रही है तो वही पार्टी के वरिष्ठ नेता एक मंच पर आकर एकजुटता का संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं।परिवर्तन यात्रा में कांग्रेस प्रभारी देवेंद्र यादव,चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह समेत पार्टी के सभी लोग शामिल हों रहे है।सन 2016 में जब अलोकतांत्रिक तरीके से हरीश रावत की सरकार गिराई गई थी ,उस समय अपने चातुर्य से सरकार बचाने में कामयाब हुए हरीश रावत देश ही नही दुनियाभर में एक बडे नेता बनकर उभरे थे।उस समय उनकी तुलना देश के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के समान होने लगी थी। राजनीति के कुशल खिलाडी हरीश रावत हर मामले में मोदी सरकार को मात देने में सफल रहे।अपनी सरकार के समय हुए उपचुनाव , चार धाम यात्रा और अर्धकुम्भ की सफलता ने हरीश रावत को मजबूत बनाया। कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ताओं के भरोसे विरोधियों को मात देने में माहिर हरीश रावत जमीनी कार्यकर्ताओ को सदैव सम्मान देते रहे है।उत्तराखंड में पहाड हो या मैदान ,शहर हो या गांव ,घर हो या चौपाल ,शायद ही ऐसी कोई जगह हो, जहां हरीश रावत का कोई न कोई कार्यकर्ता मौजूद न हो। प्रत्येक कार्यकर्ता के दुख सुख के साथी हरीश रावत की एक बडी खाशियत यह भी है कि उन्हे अपने हर कार्यकर्ता का नाम तक याद रहता है। किस कार्यकर्ता से क्या काम लेना है? कैसे काम लेना है ?यह हरीश रावत को बखूबी आता है। मुख्यमन्त्री बन जाने के बाद भी वे अपने कार्यकर्ताओ वही मान सम्मान देते रहे है जो पहले से देते आए है। छोटे से छोटे कार्यकर्ता के महत्व और सम्मान को तरजीह देने में माहिर हरीश रावत को अपने कार्यकर्ताओं के बीच रहकर विशेष उर्जा मिलती है। तभी तो उनका आवास हो या उनकी कोई जनसभा या फिर अन्य कोई कार्यक्रम ,जब तक कार्यकर्ताओं से वे घिरे न हो तब तक उन्हे मजा ही नही आता। अपने छोटे से छोटे घरेलू कार्यक्रमों में भी वे अपने आम और खास कार्यकर्ताओं को आमन्त्रित करना नही भूलते। वे यह भी कौशिश करते है कि वे सभी कार्यकर्ताओं के यहां भी वे ऐसे अवसरो पर शामिल हो। उनके इसी गुण के कायल उनके कार्यकर्ता उनके लिए उनके लिए विरोधियों से भिड जाते है और हरीश रावत के पैरोकार बनकर चुनाव के समय उन्हे सफलता के सौपान तक पहुंचाते है।हालांकि हरीश रावत को कई बार चुनावी असफलताए भी झेलनी पडी परन्तु न तो हरीश रावत का और न ही उनके कार्यकर्ताओं का कभी मनोबल कम हुआ ।आज भी ऐसे कई कार्यकर्ता है, जिन्हे हरीश रावत सरकार के समय कुछ नही मिल पाया परन्तु फिर भी वे कन्धे से कन्धा मिलाकर हरीश रावत के उत्तराखंड विजय मिशन में न सिर्फ भागीदार बन रहे है बल्कि आमजन के बीच जाकर हरीश रावत सरकार के समय की उपलब्धियों को बता रहे है। पहाड के सरंक्षण, संवर्धन और विकास के लिए उत्तराखण्ड राज्य की जो विकास परिकल्पना की गई थी वह विकास परिकल्पना उनकी सरकार के समय साकार होने लगी थी। राज्य के समग्र विकास के साथ चार धाम यात्रा,अमरनाथ यात्रा और मानसरोवर यात्रा के माध्यम से पहाड पर रह रहे लोगो की रोजी रोटी के साधन बनाने में हरीश रावत सफल रहे।

## कहो तो कह दूं: नालायक क्या कह दिया पूरे प्रदेश में बवंडर सा मच गया

### सूडोकु नवताल- 5841

✶✶✶✶✶ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | 3 | 1 | | | 8 | |
| 3 | 6 | | 2 | | 7 | | 9 | |
| | | 7 | | | 6 | | 2 | 1 |
| | 7 | | 1 | | | | | |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| | | | | | 5 | | 4 | |
| 6 | 2 | | 4 | | | 9 | | |
| | 5 | | 6 | | 9 | | 1 | 8 |
| | 1 | | | 5 | 3 | | 6 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5840 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 |

**चैतन्य भट्ट**

भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के प्रभारी ÷मुरलीधर राव साहब÷ ने उन लोगों को नालायक क्या कह दिया जो चार चार पांच पांच बार सांसद विधायक बनने के बाद भी रोना रोते हैं कि उन्हें मौका नहीं मिला या उन्हें मंत्री नहीं बनाया गया ,इधर राव साहब ने तो कह दिया इधर पूरे प्रदेश में बवंडर सा मच गया, टीवी पर डिबेट होने लगी अखबारों में संपादकीय छपने लगे कुछ नाराज नेताओं ने यह भी कह दिया कि हम अपने दम पर जाकर चार और पांच बार जीते हैं किसी की दया पर निर्भर नहीं हैं, वैसे राव साहब ने ऐसा कुछ गलत तो नहीं कहा क्योंकि नालायक शब्द इतना बुरा है नहीं जितना बुरा असंतुष्ट नेताओं ने समझ लिया ।नालायक पर तो एक पूरी फिल्म बन चुकी है जिसका नाम ही नालायक था जिसमें अपने जमाने के हीरो जीतेंद्र और हीरोइन लीना चंदावरकर रही।1978 के आसपास आने वाली यह फिल्म सुपरहिट रही है इसका मतलब है नालायक शब्द सुपरहिट है जित्तू खरे बादल÷की बुंदेली फिल्म नालायक के दो भाग थे जिसने अच्छा खासा बिजनेस किया । नालायक बेटा गढ़वाली में भी एक शॉर्ट फिल्म बनी है जो लोगों को काफी पसंद आई थी ÷नालायक÷ का मतलब क्या होता है ÷नासमझ÷ । यही तो कहा था अपने राव साहब ने अब बेचारे साउथ के रहने वाले हैं इतनी अच्छी हिंदी जानते नहीं हैं यही कहना चाहते होंगे उसकी जगह नालायक शब्द निकल गयाद्य प्रदेश में कई असंतुष्ट नेता है जो कई बार मंत्री रह चुके हैं उन्हें अगर इस बार मंत्री नहीं बनाया तो क्या



गुनाह हो गया , अरे भाई लोगो जब तक आप लोग पिक्चर से नहीं हटोगे तब तक नए नेताओं की आमद कैसे शुरू हो पाएगी। बाबूलाल गौर को ही देख लो 45 साल तक विधायक रहे यानी जो बालक उनके सामने पैदा हुआ होगा वह 45 साल तक पार्टी का दरी फट्टा उठाते उठते अधेड़ हो गया होगा और उसके बाद जब उनका निधन हो गया तो उनकी बहू विधायक बन गई ,अब बेचारे बे कार्यकर्ता कहां जाएं जो इस आशा से पार्टी की सेवा करते हैं कि उन्हें भी कभी मौका मिलेगा इसलिए अपना मानना तो ये है कि राव साहब ने जो भी कहा है हंड्रेड परसेंट सही कहा है, हां नालायक शब्द से आपत्ति हो सकती है लेकिन नालायक अपने आप में बड़ा महत्वपूर्ण है नालायक शब्द पर अच्छे-अच्छे कोट्स और शायरी भी लिखी गई है मसलन बातों बातों में वह मुझे अक्सर नालायक कह दिया करती थी तब मैं समझ ही नहीं पाया कि मैं उसके लायक ही नहीं था तू भूल गया मुझको शायद अब पर यह मत भूलना कि मैं तुझको भूल गई नालायक

कुछ तो था उसकी हंसी पर न जाने क्यों हमसे शर्माता था एक दिन जो हंसा तब पता चला कि नालायक तंबाकू खाता था इधर एक प्रेमिका अपने प्रेमी से साफ-साफ कह रही है माना कि हम तेरे लायक नहीं पर तुम भी तो नालायक निकले एक निराश प्रेमी के दिल की बात इस तरह थी इश्क सच कहा तूने बड़ा नालायक निकला मैं मुद्दतों बाद भी एक शख्स को अपना नहीं बना सकाएक गरीब आशिक का दर्द तो और भी ज्यादा पीड़ा देने वाला है जो माशूका से कहता हैतुम कान्वेंट की छात्रा मैं सरकारी स्कूल का छात्र प्रिय, तुम बार्बी डॉल से खेलने वाली पापा की परी, मैं नालियों से बॉल निकालकर खेलने वाला नालायक प्रिये।वैसे एक बात और अक्सर घर में जिस बेटे को नालायक कहा जाता है वहीं अंत में मां बाप के पास रह जाता है बाकी तो इंजीनियरिंग और डॉक्टरी करके विदेशों में सेटल हो जाते हैं इसलिए अपना मानना है कि राव साहेब की बातों के मर्म को समझो जिस पार्टी ने आपको कई बार विधायक बनाया, मंत्री बनाया, सांसद बनाया अगर इस बार नहीं बन पाए तो पार्टी की छीछालेदर तो मत करो भैया, वरना देख रहे हो राव साहब के तेवर एक झटके में निपटा देंगे तो हाथ में सिर्फ रह जाएगा बाबाजी का ठुल्लू।

### बीवी से कौन नहीं लड़ता?

सागर बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा संघ के अफसरों ने मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव को एक चिट्ठी लिख कर कहा है कि सचिवालय में बैठे अफसर अपनी-अपनी बीवियों से लड़ कर आते हैं।

## दक्षेस के नहले पर जन-दक्षेस का दहला

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

दक्षेस (सार्क) के विदेश मंत्रियों की जो बैठक न्यूयार्क में होनेवाली थी, वह स्थगित हो गई है। उसका कारण यह बना कि अफगान सरकार का प्रतिनिधित्व कौन करेगा? सच पूछा जाए तो 2014 के बाद दक्षेस का कोई शिखर सम्मेलन वास्तव में हुआ ही नहीं। 2016 में जो सम्मेलन इस्लामाबाद में होना था, उसका आठ में से छह देशों ने बहिष्कार कर दिया था, क्योंकि जम्मू में आतंकवादियों ने उन्हीं दिनों हमला कर दिया था। नेपाल अकेला उस सम्मेलन में सम्मिलित हुआ था, क्योंकि नेपाल उस समय दक्षेस का अध्यक्ष था और काठमांडो में दक्षेस का कार्यालय भी है। दूसरे शब्दों में इस समय दक्षेस बिल्कुल पंगु हुआ पड़ा है। यह 1985 में बना था लेकिन अब 35 साल बाद भी इसकी ठोस उपलब्धियां नगण्य ही हैं, हालांकि दक्षेस-राष्ट्रों ने मुक्त व्यापार, उदार वीजा-नीति, पर्यावरण-रक्षा, शिक्षा, चिकित्सा आदि क्षेत्रों में परस्पर सहयोग पर थोड़ी बहुत प्रगति जरुर की है लेकिन हम दक्षेस की तुलना यदि यूरोपीय संघ और 'एसियान' से करें तो वह उत्साहवर्द्धक नहीं है। फिर भी दक्षेस की उपयोगिता से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसे फिर से सक्रिय करने का भरसक प्रयत्न जरुरी है। जिन दिनों 'सार्क' याने 'साउथ एशियन एसोसिएशन ऑफ रीजनल कोऑपरेशन' नामक संगठन का निर्माण हो रहा था तो इसका हिंदी नाम 'दक्षेस' मैंने दिया था। 'नवभारत टाइम्स' के एक संपादकीय में मैंने 'दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ' का संक्षिप्त नाम 'दक्षेस' बनाया था। उस समय याने अब से लगभग 40 साल पहले भी मेरी राय थी कि दक्षेस के साथ-साथ एक जन-दक्षेस संगठन भी बनना चाहिए याने सभी पड़ौसी देशों के समान विचारों वाले लोगों का संगठन होना भी बहुत जरुरी है। सरकारें आपस में लड़ती-झगड़ती रहें तो भी उनके लोगों के बीच बातचीत जारी रहे। यह इसलिए जरुरी है कि दक्षिण और मध्य एशिया के 16-17 देशों के लोग एक ही आर्य परिवार के हैं। उनकी भाषा, भूषा, भोजन, भजन और भेषज अलग-अलग हो सकते हैं लेकिन उनकी संस्कृति एक ही है। अराकान (म्यांमार) से खुरासान (ईरान) और त्रिविष्टुप (तिब्बत) से मालदीव के इस प्रदेश में खनिज संपदा के असीम भंडार भरे हुए हैं। यदि भारत चाहे तो इन सारे पड़ौसी देशों को कुछ ही वर्षों में मालामाल किया जा सकता है और करोड़ों नए रोजगार पैदा किए जा सकते हैं। यदि हमारे ये देश यूरोपीय राष्ट्रों की तरह संपन्न हो गए तो उनमें स्थिरता ही नहीं आ जाएगी बल्कि यूरोप के राष्ट्रों की तरह वे युद्धमुक्त भी हो जाएंगे। पिछले 50-55 वर्षों में लगभग इन सभी राष्ट्रों में मुझे दर्जनों बार जाने और रहने का अवसर मिला है।

# आपकी त्वचा के लिए अमृत है पानी



पानी न केवल आपके शरीर के सभी अंगों को सही प्रकार कार्य करने में मदद करता है, बल्कि साथ ही साथ यह आपकी त्वचा के लिए भी फायदेमंद होता है।

### हाईड्रेशन

पर्याप्त मात्रा में पानी पीना हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। इससे पाचन क्रिया अच्छी रहती है, संचार सुचारू रहता है और अन्य कई स्वास्थ्य परेशानियों से भी हमारा बचाव होता है। लेकिन, क्या आप इस बात से वाकिफ हैं कि पानी हमारी त्वचा के लिए भी जरूरी होता है। आपके लिए इससे जुड़े कुछ सवालों के जवाब लेकर आए हैं। हम आपको बताऐंगे कि कैसे अपने शरीर में पर्याप्त मात्रा में पानी रखा जाए, ताकि त्वचा सुंदर और स्वस्थ बनी रहे।

### सारा दिन कम होता है पानी

हमें दिन भर नियमित अंतराल पर पानी पीते रहना चाहिए। आखिर हमारे शरीर से लगातार पानी कम होता रहता है। यहां एक बात जानना और जरूरी है कि हम जो भी पानी पीते हैं वह त्वचा तक पहुंचने से पहले हमारे शरीर के अन्य अंगों तक पहुंच जाता है। तो, ऐसे में त्वचा का बाहर से खयाल रखना भी जरूरी होता है।

### डिहाइड्रेशन है खतरनाक

अगर त्वचा में पानी की अधिक कमी हो जाए, तो इससे वह रूखी, सख्त और पपड़ीदार हो जाती है। रूखी त्वचा पर झुर्रियां और अन्य प्रकार के नुकसान होने की आशंका अधिक होती है। तो, अपनी त्वचा को किसी प्रकार के नुकसान से बचाने के लिए जरूरी है कि आप पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं।

### त्वचा को भी चाहिए पानी

शरीर के अन्य अंगों की तरह हमारी त्वचा को भी पानी की जरूरत होती है। हमारी त्वचा पानी से बनी कोशिकाओं से निर्मित होती है। शरीर के अन्य अंगों की तरह, हमारी त्वचा को भी सही प्रकार से काम करने के लिए पानी की जरूरत होती है।

### मॉश्चराइजर

अपनी त्वचा में नमी का जरूरी स्तर बनाए रखने के लिए जरूरी है कि रोज रात को मॉश्चराइजर लगाकर सोएं। इससे आपकी त्वचा को अच्छा पोषण मिलेगा। केमिकल उत्पादों के उपयोग से बचें। स्वस्थ त्वचा के लिए कुदरती उत्पादों का उपयोग करना बेहतर रहेगा।

### एक्सफोइलेट और हाइड्रेट

आपको अपनी त्वचा को सिर्फ हाइड्रेट करने की ही जरूरत नहीं होती, बल्कि उसका रुखापन भी दूर करने की जरूरत होती है। साथ ही साथ आपको मृत कोशिकाओं को हटाना भी होता है। आप अपनी त्वचा पर मॉश्चराइजर लगाकर इस समस्या से निजात पा सकते हैं। इससे आपकी त्वचा का रूखापन और क्रेक कम हो सकते हैं।

## अध्याय 2 में दिखेगा नया विद्युत जामवाल



निर्देशक फारुक कबीर वर्तमान में खुदा हाफिज चैप्टर 2 अग्नि परीक्षा की शूटिंग कर रहे हैं। उनका कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म में अभिनेता विद्युत जामवाल नए अंदाज में नजर आएंगे। फारुक कबीर ने कहा कि हम खुदा हाफिज चैप्टर 2 अग्नि परीक्षा में विद्युत जामवाल का एक बहुत ही गहन और सूक्ष्म चरित्र चित्रण देखने जा रहे हैं। उन्होंने पूरी फिल्म में हर दृश्य और अपने चरित्र के निर्माण पर मेरे साथ बहुत करीब से काम किया है। किरदार की त्वचा में उतरना बहुत मुश्किल होता है पर उन्होंने ऐसा किया। मुझे लगता है कि हम विद्युत का एक ऐसा पहलू देखने जा रहे हैं जिसे मैंने पहले भी नहीं देखा है। किस बात ने लेखक-निर्देशक को अपनी 2020 की फिल्म खुदा हाफिज का दूसरा अध्याय बनाने के लिए प्रेरित किया? कई व्यक्तिगत कारणों ने मुझे खुदा हाफिज अध्याय 2 लिखने के लिए प्रेरित किया। बेशक, हमारे देश के ताने-बाने के भीतर सामाजिक रूप से जो कुछ हो रहा है, उसके कुछ तत्वों ने भी कुछ हद तक मुझे यह फिल्म लिखने के लिए प्रेरित किया। लेकिन अध्याय 2 कई मायनों में मेरे लिए व्यक्तिगत है क्योंकि इसमें मेरे निजी जीवन की बहुत सारी बारीकियां और अनुभव हैं जिन्हें मैंने फिल्म में डाला है। फिल्म के दूसरे अध्याय में कहानी कैसे आगे बढ़ती है, इस पर प्रकाश डालते हुए, निर्देशक ने कहा कि खुदा हाफिज चैप्टर 2 अग्नि परीक्षा समीर और नरगिस के जीवन में एक साल बाद शुरू होती है। यह वास्तव में उनके रिश्ते को काफी हद तक परखती है और वह है शीर्षक में अग्नि परीक्षा का उल्लेख क्यों है। अध्याय एक में उनके साथ हुई घटना के बाद कई मायनों में यह जोड़े के लिए अग्नि परीक्षा है, वे उस घटना के आघात से कैसे निपटते हैं और यह उन्हें कैसे प्रभावित करता है।

# मुझे अफसोस है मैंने उनके साथ रिलेशनशिप के बारे में क्यों नहीं बोला:नरगिस फाखरी



अभिनेत्री नरगिस फाखरी एक समय आदित्य चोपड़ा के छोटे भाई और अभिनेता उदय चोपड़ा के प्यार में गिरफ्तार थीं। दोनों के अफेयर की खबरों से गपशप गली गुलजार रहती थीं। वो बात अलग है कि नरगिस ने हमेशा अपने इस रिश्ते पर चुप्पी साधे रखी। वह हमेशा उदय को अपना अच्छा दोस्त ही बताती थीं। हाल ही में पहली बार उन्होंने अपने इस टूटे रिश्ते पर खुलकर बात की। नरगिस ने इस बारे में क्या कुछ कहा, आइए जानते हैं। नरगिस ने स्वीकार किया कि वह उदय चोपड़ा के साथ रिलेशनशिप में थीं। उन्होंने कहा, उदय और मैंने पांच साल तक एक-दूसरे को डेट किया था। भारत में मिले सभी लोगों में से वह सबसे खूबसूरत इंसान था। मैंने इस बारे में कभी बात नहीं की, क्योंकि लोग मुझे इस रिश्ते को लेकर चुप रहने की सलाह देते थे। उदय से ब्रेकअप होने के बाद नरगिस भारत छोड़ अमेरिका चली गई थीं। नरगिस ने आगे कहा, मुझे बहुत अफसोस है कि मैंने उदय के साथ अपने रिश्ते को सार्वजनिक नहीं किया। काश उस समय मैंने पहाड़ की चोटियों से चिल्लाकर कहा होता कि मैं इतने अच्छे इंसान के साथ हूं। उन्होंने कहा, इंटरनेट और सोशल मीडिया पर लोग बहुत नकली हैं। वे नहीं जानते कि सच क्या है? अक्सर हम ऐसे लोगों को अपना आदर्श मान लेते हैं, जो बंद दरवाजों के पीछे बहुत बुरे होते हैं। उदय चोपड़ा से अलग होने के बाद नरगिस अमेरिकी शेफ जस्टिन सैंटोस को डेट कर रही थीं, लेकिन उनसे भी ब्रेकअप हो गया। अपने इस इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि भले ही जस्टिन और उनकी राहें जुदा हो गई हों, लेकिन दोनों के बीच दोस्ती का रिश्ता बरकरार है। नरगिस अमेरिकी फिल्ममेकर मैट अलोंजो के साथ अपने अफेयर को लेकर भी सुर्खियों में रहीं। हालांकि, उनके इस रिश्ते ने भी मंजिल तक पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। काम के मोर्चे पर बात करें तो मॉडलिंग की दुनिया में अपनी जगह बनाने के बाद नरगिस ने 2011 में निर्देशक इम्तियाज अली की फिल्म रॉकस्टार से बॉलीवुड में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म के बाद नरगिस फिल्म मद्रास कैफे, मैं तेरा हीरो, अजहर, हाउसफुल 3 और अमावस जैसी फिल्मों में नजर आईं।

# मैं लोगों से कहना चाहता हूं कि वे खुद को स्टीरियोटाइप न समझे :आयुष्मान खुराना



अभिनेता आयुष्मान खुराना का कहना है कि एक कलाकार के रूप में उनका उद्देश्य लोगों को लगातार यह बताना है कि वे खुद को या दूसरों को स्टीरियोटाइप न समझें। उन्होंने कहा कि उनकी फिल्म ड्रीम गर्ल का उद्देश्य यही था। जिसकी रिलीज के आज अपने दो साल पूरे हो गए है।

आयुष्मान ने कहा कि जानबूझकर या अनजाने में हम लगातार अपने आस-पास की हर चीज को स्टीरियोटाइप करने के लिए बाध्य होते हैं। कभी-कभी, हमें यह भी पता नहीं होता है कि हम या तो स्टीरियोटाइप हो रहे हैं या दूसरों को स्टीरियोटाइप कर रहे हैं। फिल्म के माध्यम से इस महत्वपूर्ण संदेश को व्यक्त करने की कोशिश करने के लिए स्टार ने अपने निर्देशक राज शांडिल्य और उनकी निमार्ता एकता कपूर को श्रेय दिया। अभिनेता ने कहा कि मुझे ड्रीम गर्ल की स्क्रिप्ट पसंद आई क्योंकि इसने हमें खुद को स्टीरियोटाइप नहीं करने के लिए कहा था। इसने हमें बताया कि जब हम इस चक्र को तोड़ते हैं, तो हम समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जब मैंने पूजा बनने का फैसला किया तो मेरे किरदार करमवीर ने खुद को रूढ़िबद्धता से अलग कर दिया। मेरे लिए, यह एक ताजा और विघटनकारी विचार था । मैं लगातार ऐसे विषयों की तलाश में रहता हूं, जो अलग हों, और दर्शकों को एक संदेश देते हों। आयुष्मान ने खुलासा किया कि अगर वह रूढ़ियों को तोड़ने के मिशन पर बने रहे तो एक अभिनेता के रूप में उन्हें संतुष्टि मिलेगी।

## ऐश्वर्या राय ने 400 जूनियर आर्टिस्ट के साथ शूट किया यह गाना




बॉलीवुड एक्ट्रस ऐश्वर्या राय ने 400 जूनियर आर्टिस्ट के साथ अपनी आने वाली फिल्म 'पोन्नियिन सेलवन' का गाना शूट किया है। एक्ट्रस इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'पोन्नियिन सेलवन' की शूटिंग कर रही हैं। मणिरत्नम के निर्देशन में बन रही इस फिल्म की शूटिंग पिछले कुछ हफ्तों में पुदुचेरी में खत्म करने के बाद फिल्म की टीम कुछ दिन पहले ही अपने अगले शेड्यूल के लिए मध्य प्रदेश के महेश्वर पहुंच गई है, जहां ऐश्वर्या राय बच्चन ने 400 से ज्यादा जूनियर आर्टिस्ट के साथ एक गाने को शूट किया है। मणिरत्नम बड़े लेवेल पर एक गाने की शूटिंग करना चाहते थे, जिसके लिए उन्होंने 400 से ज्यादा जूनियर आर्टिस्ट्स को शामिल करने का फैसला किया था। यह एक बड़ा डांस नंबर है। इस सॉन्ग को राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कोरियोग्राफर वृंदा गोपाल ने कोरियोग्राफ किया है। यह फिल्म 500 करोड़ रुपए के बड़े बजट में बन रही है। फिल्म दो पार्ट में रिलीज होगी, दोनों पार्ट को एक साथ ही शूट किया जा रहा है। यह एक हिस्टोरिक फिल्म है, जो कल्कि कृष्णमूर्ति के उपन्यास 'पोन्नियिन सेलवन' पर आधारित है।

# प्रीति झंगियानी ने ठुकराया 'बिग बॉस 15' का ऑफर, बताई यह वजह



'बिग बॉस 15' 3 अक्टूबर से शुरू हो रहा है और मेकर्स ने सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले इस सीजन के लिए सिलेब्रिटीज को अप्रोच करना शुरू कर दिया है। खबरें हैं कि इस शो के लिए मेकर्स ने हाल ही टीना दत्ता, मानव गोहिल, सिंबा नागपाल और रीम शेख को अप्रोच किया था। 'बिग बॉस ओटीटी' की कंटेस्टेंट और ऐक्ट्रेस शमिता शेट्टी की को-स्टार प्रीति झंगियानी को भी 'बिग बॉस 15' का ऑफर दिया गया, पर उन्होंने इसे रिजेक्ट कर दिया है। प्रीति ने बताया कि उन्हें पिछले कुछ सालों से लगातार 'बिग बॉस' का ऑफर मिल रहा है, लेकिन वह हर बार इसे ठुकरा देती हैं। इस बार भी उन्हें शो की क्रिएटिव टीम से फोन आया, लेकिन मना कर दिया। इसकी वजह पूछे जाने पर प्रीति झंगियानी ने कहा कि वह 'बिग बॉस' के घर में दो दिन भी सरवाइव नहीं कर पाएंगी। यह रियलिटी शो उनके बस का नहीं है। इसीलिए वह हर बार इस शो को करने से इनकार कर देती हैं। प्रीति झंगियानी से जब उनकी 'मोहब्बतें' फिल्म की को-स्टार शमिता शेट्टी के गेम प्लान के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि चूंकि वह बिग बॉस को बिल्कुल भी फॉलो नहीं करतीं, इसलिए कुछ कह नहीं सकतीं। उन्होंने कहा कि शमिता के साथ उनकी बॉन्डिंग भी गहरी नहीं है, लेकिन वह चाहती हैं कि शमिता 'बिग बॉस ओटीटी' जीतें। करियर की बात करें तो प्रीति झंगियानी ने 1997 में एक म्यूजिक एल्बम से शुरुआत की थी। इसके बाद 1999 में उन्होंने साउथ की फिल्मों से ऐक्टिंग में एंट्री की। उस साल उन्होंने मलयालयम, तमिल और तेलुगु भाषा की 3 फिल्मों में काम किया था। प्रीति ने बॉलिवुड में 2000 में आई फिल्म 'मोहब्बतें' से एंट्री की थी। साल 2017 में उन्होंने फिल्मों से ब्रेक ले लिया। वहीं बात करें 'बिग बॉस ओटीटी' की तो इसका फिनाले 18 सितंबर को है। शो में फिलहाल शमिता शेट्टी, राकेश बापट, निशांत भट्ट, दिव्या अग्रवाल, प्रतीक सहजपाल और नेहा भसीन हैं। वहीं 3 अक्टूबर से 'बिग बॉस 15' शुरू हो रहा है, जिसमें इस बार ऐक्ट्रेस रेखा भी होंगी, जोकि 'ट्री ऑफ फॉर्च्यून' का हिस्सा होंगी।

# अगर आप शारीरिक रूप से कमजोर हैं तो दूध में मिलाकर पीये यह 1 चीज



इस खबर में हम आपके लिए लेकर आए हैं लौंग वाले दूध के फायदे. जाने माने आयुर्वेद डॉक्टर अबरार मुल्तानी के अनुसार, वैसे तो दूध और लौंग का अलग-अलग सेवन करने से शरीर को फायदे होते ही हैं, लेकिन यदि आप इन दोनों का एक साथ सेवन करते हैं तो आप कई गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं.

### लौंग में पाए जाने वाले तत्व

रिपोर्ट के अनुसार, लौंग में विटामिन के साथ अन्य मिनरल्स पाए जाते हैं. इनमें जिंक, कॉपर, मैग्नीशियम पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं. इसके अलावा लौंग में प्रोटीन, आयरन, कार्बोहाइड्रेट्स, कैल्शियम और सोडियम एसिड भरपूर मात्रा में पाया जाता है.

### लौंग के फायदे

- लौंग का सेवन करने से भूख बढ़ती है.
- लौंग पेट के कीड़ों को खत्म करती है.
- लौंग चेतना शक्ति को नॉर्मल रखती है.
- लौंक का सेवन करने से शरीर की दुर्गंध दूर हो जाती है
- लौंग का सेवन करने से मूत्र मार्ग ठीक रहता.
- सूत्रों ने बताया कि दूध में प्रोटीन, कैल्शियम और राइबोफ्लेविन (विटामिन बी -2) पाया जाता है. साथ ही विटामिन ए, डी, के और ई सहित फॉस्फोरस, मैग्नीशियम, आयोडीन व कई खनिज और वसा तथा ऊर्जा भी होती है. ये सभी हमारे शरीर के लिए कई तरह की बामारियों से बचाती हैं.

### दूध के फायदे

- एक गिलास दूध में पुरुषों की रोज की जरूरत का 37 प्रतिशत कैल्शियम पाया जाता है.
- इसका सेवन करने से हड्डियां मजबूत होती हैं
- दूध में मौजूद फैट और प्रोटीन्स मेल हार्मोन्स को एक्टिव करते हैं. फर्टिलिटी बढ़ती है.
- दूध में मौजूद कैल्शियम स्ट्रोक से बचाता है.
- दूध में मौजूद कैल्शियम, पोटैशियम और मैग्नीशियम जैसे मिनरल्स ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखते हैं
- दूध में सेसिन और व्हे प्रोटीन होते हैं, जो मसल्स को मजबूत बनाते हैं.
- लौंग और दूध का एक साथ सेवन करने से फायदे
- लौंग-दूध के सेवन से शरीर के कई रोग जड़ से खत्म हो जाते हैं.
- एसिडिटी, कब्ज, गैस की समस्या खत्म हो जाती है.
- मुंह से आने वाली बदबू से राहत पाने के लिए भी लौंग को चबाकर उपयोग कर सकते हैं।
- दूध में दूध में मौजूद फैट और प्रोटीन्स मेल हार्मोन्स को एक्टिव करते हैं. इसलिए लौंग के साथ दूध का सेवन करने से पुरुष अपने आपको तरो-ताजा महसूस करते हैं.
- दूध में लौंग मिक्स करके पीने से यौन शक्ति बढ़ती है.

## फिल्मफेयर मैगजीन के कवर पेज पर नजर आये मीज़ान जाफरी



मीज़ान जाफरी जो अभी सिर्फ दो ही फिल्मों में नज़र आये है , उन्होंने दो फिल्मों से ही ऑडियंस के दिल में घर कर लिया है। लोग उनकी एक्टिंग स्किल से इम्प्रेस हुए है और अब वह नजर आये फिल्मफेयर मैगजीन के कवर पेज पर।

कवर पेज शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, फिल्मफेयर उनको टैग लाइन दी गयी ऑन द राइज : मीज़ान जाफरी हास् अराइव्ड इन स्टाइल और मानना पड़ेगा इस कवर पेज पर वह बेहद स्टाइलिश लग रहे है। मीज़ान की फीमेल फैन फोल्लोविंग काफी बड़ी है और इस कवर पेज से उन्हें पूरी अटेंशन मिल रही है। अब वह दिन गए जब ऑडियंस किसी भी स्टार किड को अपनाकर उन्हें सुपरस्टार बना देती थी। आज की ऑडियंस को अच्छी एक्टिंग चाहिए। आप भले ही स्टार किड हो या आउटसाइडर , अगर आप अच्छी एक्टिंग और अच्छी फिल्में कर रहे है तो आप ऑडियंस के बीच हिट है। मीज़ान के खून में एक्टिंग है और दो फिल्मों के साथ उन्होंने अपना पोटेंशियल दिखा दिया है। आज सबको उनसे बहुत उम्मीदें है। वह कभी भी एक्टर नहीं बनना चाहते थे। वह हमेशा से म्यूजिक या स्पोर्ट्स में इंटरेस्ट रखते थे लेकिन किस्मत में कुछ और ही लिखा था।उन्हें एक ड्रीम लांच मिला जब संजय लीला भंसाली ने उन्हें फिल्म मलाल से डेब्यू करवाया। हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नहीं चली लेकिन सबको मीज़ान पसंद आये। अभी हाल ही में उन्होंने बताया कैसे दो फिल्म बतौर एक्टिंग करने के बाद भी उन्होंने संजय लीला भंसाली को उनकी फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में असिस्ट किया ।

## वन-टू-वन

### प्रधानाध्यापक की हठधर्मिता और तानाशाही को लेकर शिक्षकों द्वारा संकुल प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा



**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**
**पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 के प्रधानाध्यापक देशराज सिंह द्वारा की गई हठधर्मिता और तानाशाही को लेकर आज विद्यालय के शिक्षकों द्वारा संकुल प्राचार्य श्री बीएस अनंत को अपनी समस्याओं से अवगत कराया और कहा कि विद्यालय में न तो छात्र हित की अध्ययन अध्यापन सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है और न सफाई एवं पेयजल की व्यवस्था की जा रही है विद्यालय में चारों ओर गंदगी ही गंदगी दिखाई देती है टॉयलेट भी पूरी तरह से या तो बंद है या फिर गंदगी से भरे हुए कमरों में से बदबू आती है सीलन के कारण छत कभी भी गिरने की स्थिति में है यहां तक कि छात्रों के लिए बैठने को टाट पट्टी और पीने के लिए पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं है कुछ कमरों में पंखे भी नहीं लगे हैं और जो लगे हैं वह भी बंद हैं अधिकांश पंखे कमरों से उतारकर स्टोर में रखे हुए हैं इतना ही नहीं नास एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री प्रधानाध्यापक द्वारा प्रिंट नहीं कराई जाती है और नहीं बार-बार मांगने पर प्रदान की गई है अध्यापकों द्वारा संकुल प्राचार्य के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा गया की छात्र एवं विद्यालय हित में यदि समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो मजबूर होकर वरिष्ठ कार्यालय की शरण में जाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### प्रभारी मंत्री श्री गोविंन्द सिंह के सामने रखी अध्यक्ष एवम महामंत्री ने मौं मंण्डल की समस्या, मंत्री ने दिया आश्वासन



**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे**

**गोहद-मौ।** मौं मंण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने प्रभारी मंत्री से मुलाकात की ओर कहा मौं तहशील पर तेहशीलदार कर रहे मनमानी तेहशील दार महेन्द गुप्ता को तत्काल प्रभाव से हटाया जाये एंव देबीपुरा से निबारी पुरा 5 किं मी रोड व देगमां से सेखूपुरा 2 किमीं रोडं एंव गुरुयायची से भारोली पुरा रोड 5 किं मीं रुपाबई से चक बहेरा 4 कि मीं रोड की मांग की साथ मे ग्राम बाखोली गांव के लोगो की जमीन आंनलाईन नही चडी हे जिससे जो भी सरकार की योजना आती हे उन्हे लाभ नही मिल पाता एंव मौं नगर मे डिबाईडर की मांग की जो बिजली घर से लेकर सेबढ़ा रोड प्रटोल पंप तक एंव बस स्टेण्ड पर डां भीमराव अम्बेडकर जी व सर्किट हाउस के पास चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा व रतवा रोड चोराहा पर महात्मा फुले जी की प्रतिमा की भी मांग की इस पर प्रभारी मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत जी आश्वासन दिया ओर कहा आपकी जो भी सम्सया हे उनका जल्द जल्द निराकरण कराया जायेगा उसके बाद मै मेहगांव मेंजो बच्चे गणेश प्रतिमा विसर्जन करते समय तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी उन दुखित परिवारों के बीच पहुंचे मौं मंण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह सज्जन सिंह यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष हरनारायण कुशवाह मंण्डल महामंत्री राजू मिश्रा मंडल महामंत्री सुल्तान मौर्य डां बेताल गोड बीरेन्द यादव रामकेश गुर्जर शुभम राठौर नीटू यादव रामू कुशबाह दीपक यादव।

### 3 साल से कर रहे शिकायत,आज तक नही हुआ समाधान

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**दबोह ।** लहार अनुभाग के नगर दबोह थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला ग्राम पीपरी पोस्ट अंधियारी के ग्रामवासी लगातार 3 साल से शिकायतें



कर रहे है लेकिन वरिष्ठ अधिकारी ध्यान नही दे रहे हैं।ज्यादा जानकारी के लिए आपको बता दे कि बारिश के चलते हमेशा खेतो में पानी भर जाता है किसान की फसल चौपट हो जाती है वही इस बार हुआ अभी एक महीने से खेतो में पानी भरा हुआ है 30 दिन से लगातार किसान क्क्ुष्ठ अधिकारी,स्ष्ठरू लहार,जनपद ष्टश्वह्र,सिंचाई विभाग के अधिकारियों को जानकारी दे रहे है।लेकिन वरिष्ठ अधिकारी हमारे विभाग में नही है यह कहकर कॉल काट देते है पुरानी कहावत है वही किस्सा यहां अधिकारी करने में लगे हुए है इसकी टोपी उसके सिर,कोई अधिकारी समस्या सुनने को तैयार नही,यहां बता दे कि किसान के आय का सिर्फ खेती ही एक ही स्त्रोत होता है वह खेती का भी नुकसान हो जाने से किसान अपने घर का कैसे चलाएंगे देखना होगा आखिर कब कार्यवाही होंगी।कोई किसान अप्रिय घटना का शिकार हो उससे पहले अधिकारी शिकायत का निराकरण करें।

# परमात्मा दिखाई नही देता वह हर किसी मे बसता है-साध्वी ऋतु पाण्डेय जी

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**दबोह ।** नगर दबोह क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मंदिर सिद्धेश्वर महादेव मंदिर मोनी योगाआश्रम दबोह में गोरा,बरथरा,बड़ागाँव, कसल,अंधियारी,दबोह क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमियों के जन सहयोग से दिनांक 21 सितंबर 2021 मंगलवार से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आयोजन को प्रारंभ हो गया है।आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन बुधवार को कथावाचक साध्वी ऋतु पाण्डेय जी कहा कि भगवान के कितने अवतार हैं ये सभी का प्रस्न होता है,साध्वी ऋतु पाण्डेय जी ने बताया कि जब जब भक्त पर संकट पड़ता है तब तब भगवान अवतार लेते हैं अतः अवतार को गिनना असम्भव है,बेसे देखा जाये तो भगवान के 24 अवतार का वर्णन आता है,और घंटे भी 24 ही होते हैं तातपर्य ये है कि हर घंटे भगबान





अपने भक्त की रक्षा के लिए विद्धमान होते हैंईश्वर सत्य स्वरूप है,कल्याण का साधन एवं शास्त्रों का सार भक्ति है,भक्ति स्वतंत्र है और सभी गुणों की खान है नारद जी के प्रसंग में बताया कि उनके पिता नहीं थे और बचपन में ही उनकी माता ने संतों की सेवा के लिए छोड़ दिया जिनका नारद जी के जीवन पर इतना प्रभाव पड़ा कि बो ईश्वर की भक्ति में खो गये और आकाशवाणी हुई कि अगले जन्म में तुम्हारा जन्म ब्रह्मा जी के पुत्र के रूप में होगा शुखदेव जी के जन्म के वारे में बताया कि वर्षा का जल निर्मल होता है और जब गंदी नाली में गिरता है तब जल भी गंदा हो जाता है ठीक उसी प्रकार जब जीव मां के गर्भ में होता है तो निर्मल होता है बाहर आता है तब उसे माया अपने बंधन में जकड़ लेती है,सुखदेव जी ने अपनी माँ के पेट से तब ही जन्म लिया जब ईश्वर ने उनको ये आशीर्वाद दिया कि तुम्हारी भक्ति के ऊपर माया का प्रभाव कभी नही पड़ेगा इसके पश्चात उन्होंने अपने पिता वेदव्यास जी से भागवत कथा का उपदेश प्राप्त किया और इसके पश्चात उनके ही माध्यम से जन जन तक भागवत कथा का प्रचार हुआ सुखदेवजी की कथा सुनकर ही राजा परीक्षित जी को मोक्ष की प्राप्ति हुई विदुर जी के प्रसंग को बताया कि बो इतने बड़े भक्त थे कि भगवान खुद उनके घर पर आय और उल्टे पटे पर बैठकर केले के छिलकों का भोग लगाया द्रौपती जी के बारे में व्याशजी ने बताया कि वो दया की प्रतिमूर्ति थी जिस अश्वस्थामा ने उनके पाँच पुत्रों की हत्या की उसी को माफ कर दिया आगे बताया जिसमे दया नही बो इंसान हो ही नही सकता,मनुष्य से गलती हो जाना बड़ी बात नहीं लेकिन ऐसा होने पर समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी है ऐसा नहीं हुआ तो गलती पाप की श्रेणी में आ जाती है कथावाचक ऋतु पाण्डेय ने बताया पांडवों के जीवन में होने वाली श्रीकृष्ण की कृपा को बड़े ही सुंदर ढंग से दर्शाया कहा कि परीक्षित कलियुग के प्रभाव के कारण ऋषि से श्रापित हो जाते हैं उसी के पश्चाताप में वह शुकदेव जी के पास जाते हैं भक्ति एक ऐसा उत्तम निवेश है,जो जीवन में परेशानियों का उत्तम समाधान देती है साथ ही जीवन के बाद मोक्ष भी सुनिश्चित करती है द्वापर युग में धर्मराज युधिष्ठिर ने सूर्यदेव की उपासना कर अक्षयपात्र की प्राप्ति किया हमारे पूर्वजों ने सदैव पृथ्वी का पूजन व रक्षण किया इसके बदले प्रकृति ने मानव का रक्षण किया भागवत के श्रोता के अंदर जिज्ञासा और श्रद्धा होनी चाहिए परमात्मा दिखाई नहीं देता है।

# लोगों की बदली मानसिकता

**संतोष सिंह भदौरिया**
**पुष्पनजली टुडे**
**9179661562**

**गोरमी /**आपने सही पड़ा यह हर्ष उल्लाश ग्राम सोनी सेन्थरी मेहगांव के पास क्षत्रिय समाज में विनय सिंह भदोरिया पुत्र अजब सिंह भदोरिया जिनकी हाल ही में बच्ची का जन्म हुआ जिससे पारिवारिक सदष्यो द्वारा हर्ष व्याप्त कर अपनी बहू सपना भदोरिया जी का अपने घर में प्रवेश करने पर बहुत ही सम्मान के साथ स्वागत वंदन एवं अभिनंदन ढोल बाजो के साथ किया और उसमें बच्ची को उपहार दिए इससे लोगों की मानसिकता सोच पर भी असर पड़ा है पहले कुछ लोग बच्चे व बच्ची में भेद करते थे जिससे बहुओ को हीन भावना से देखते थे लेकिन अब लोग जागरूप हो रहे है और उससे हीन भावना से गुजरना पड़ता था लेकिन आज लोगों में सोच बदलने के कारण आज पूरा माहौल सकारात्मक सोच में बदलता जा रहाहै ।यह एक बच्ची विशेष के लिए नहीं एक समाज के लिए भी विशेष संदेश है आजकल बच्चा बच्ची में कोई फर्क नहीं है इसके लिए। इस तरह के अनुष्ठान मनाने पर पत्रकार संतोष सिंह भदौरिया व उनके परिवार ने भी बहुत-बहुत बधाई हो



शुभकामनाएं दी । जब पत्रकार ने लड़की के दादा अजब सिंह से बात की उन्होंने कहा कि–पहले वंश को आगे बढ़ाने के नाम पर लड़को को अधिक अहमियत दी जाती थी। लोग पहले यह भूल गए थे कि घर की रोशनी तो लड़कियों से होती है। अभी भी बहुत सारे गाँव में लड़कियां अशिक्षित है। इसलिए लोगो को जागरूक करना आवश्यक है। वक्त के साथ साथ अब समाज भी महिलाओं के सोच का सम्मान कर रहा है। ऐसा ही एक उदाहरण आज हमारे सामने आया है आज सोनी सेथरी नामक गाँव मे हमे एक लड़की के जन्म पर घर वालो को इतना उत्साहित देखा उसके स्वागत की तैयारियां इतनी जोर शोर से की गई कि शायद कोई घर मे अपने लड़के के जन्म पर करता। यही परिवार हम सबको प्रेरित करता है कि लड़का और लड़की में कोई फर्क नही है ।बेटी के जन्म पर इस परिवार ने ढोल-नगाड़ों से किया स्वागत–बेटी का स्वागत करके, बेटियों से नफरत करने वालों को सीख है ।

## यहां स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही आई सामने,गर्भवती महिला को लगाया वैक्सीन का तीसरा डोज



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

दतिया । मध्य प्रदेश के दतिया में स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है. यहां पर नर्सिंग स्टाफ ने एक गर्भवती महिला को कोरोना वैक्सीन का तीसरा डोज टीका लगा दिया। जबकि महिला को 14 सितंबर को ही दूसरा डोज लगा था। फिलहाल इस पूरे मामले में सीएमएचओ ने जांच कराने की बात कही है। दरअसल, मामला इंदरगढ़ अस्पताल का है यहां ज्योति साहू नाम की एक महिला तीन माह के गर्भ के दौरान लगने वाले टिटनेस और दूसरे टीके के लिए अस्पताल आई थी।जहां उसे नर्सिंग स्टाफ ने महिला से बिना पूछताछ के कोरोना वैक्सीन का तीसरा डोज लगा दिया।जिसके बाद महिला इसकी जानकारी अपने पति को दी तो, उसने अधिकारियों से इसकी शिकायत की है। गर्भवती महिला ज्योति साहू ने बताया कि वह गर्भावस्था के दौरान तीन माह में लगने वाला टिटनेस का टीका लगवाने के लिए गई थी।

## मौत को दावत देते झूलते तार

**अंकित कुमार रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**



**औरैया।** अजीतमल ग्राम जगनपुर का एक मामला सामने आया है जहॉ विधुत विभाग की लापरवाही से ग्रामीण परेशान है ट्यूबवेल विधुत लाइन 11हजार किलोवाट की मेन लाइन ज़मीन से मात्र 4.5 फिट दूर है यहाँ ग्रामीणों का रोज़ आना जाना बना रहता है। सड़क पर झूलते तार देखकर ग्रामीणों मे भय का माहौल रहता है विधुत विभाग को बार बार अवगत कराने पर ही कोई सुधार नहीं हुआ वहीं ग्रामीण उदय प्रताप सिंह ने बताया की किसानो को अपने खेत पर जाने मे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है कई किलो मीटर का चक्कर लगा कर किसान अपनी फेसलो को रात मे देखने के लिए जाते है आगे कि जुताई बुवाई के लिए भी ट्रेक्टर ले जाने मे काफी दिक्कत आती है।

# किरनापुर,हट्टा लांजी को मिलेगी रेलवे लाइन की सौगात - भरत कालबेले

**रायपुर रेल लाईन से जोड़ने की मांग को लेकर ब्राडगेज संघर्ष समिति की बैठक संपन्न**

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

बालाघाट । जिले की तहसील मुख्यालय किरनापुर के रानी अवंति चौक मे ब्राडगेज संघर्ष समिति के पदाधिकारियों की एक विशेष बैठक ब्राडगेज संघर्ष समिति लांजी- किरनापुर के अध्यक्ष भरत कालबेले एवं विशाल खोंगल की प्रमुख उपस्थिति मे आयोजित की गई। इस बैठक के दौरान किरनापुर,लांजी क्षेत्र मे विकास के लिए रेल मार्ग जल्द से जल्द बनाए जाने पर जोर दिया गया।इस दौरान ब्राडगेज संघर्ष समिति के पदाधिकारी भरत कालबेले ने कहा कि पुर्व में रेल्वे द्वारा रेल मार्ग के लिए एक सर्वे किया गया था किंतु अभी तक उस विषय पर रेल्वे द्वारा कोई गति प्रदान की गई और ना ही किसी जनप्रतिनिधि ने उस पर कुछ ध्यान दिया। इस विषय पर हमने दिल्ली मे रेल्वे बोर्ड के अध्यक्ष सुमित शर्माजी से बात की और उन्हे बताया कि रेल्वे द्वारा आमगांव, लांजी, किरनापुर ,हट्टा, भरवेली मे इसका हवाई सर्वे भी हुआ था। किंतु इस दिशा मे और आगे क्या कार्यवाही हो पाई कुछ पता नही चल पाया।इस विषय को संज्ञान मे लेते हुए श्रीशर्माजी ने इस बात की जानकारी उपलब्ध करवाये जाने का हमे आश्वासन दिया गया। उसी प्रकार हमारे द्वारा रेल्वे मंत्री अश्विनी कुमारजी से मुलाकात



कर ज्ञापन दिया गया और लांजी,किरनापुर मे ब्राडगेज निर्माण करवाये जाने की मांग रखी गई। हमने उन्हे बताया कि लांजी,किरनापुर बहुत पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। यहां के लोग बहुतायत मे पलायन करते है।यह क्षेत्र वन से ढका हुआ है और नक्सल प्रभावित क्षेत्र है।लांजी किरनापुर क्षेत्र की जनता चाहती है कि इस क्षेत्र मे रेल्वे का निर्माण हो,हमने उन्हें रेल्वे ब्राडगेज सर्वे की जानकारी दी तथा सर्वे पर किसी प्रकार की कोई प्रतिक्रिया नही हो पाने के संबंध मे अवगत कराया। जिस पर माननीय रेल मंत्रीजी द्वारा हमे आश्वासन दिया गया। हमारे द्वारा ब्राडगेज संघर्ष समिति संगठन को विस्तार देने और नई एवं तेज गति से प्रदान कर आंदोलनों के माध्यम से इस प्रमुख बात को सरकार के समक्ष रखते हुए क्षेत्र मे ब्राडगेज का निर्माण करवाये जाना मुख्य उद्देश्य है।

# मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा आजादी अमृत महोत्सव अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**

**भिण्ड ।** मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक की भिण्ड जिले की शाखाओं द्वारा जिला भिण्ड में संचालित शासकीय/अशासकीय विद्यालयों में आजादी का अमृत महोत्सव अवधि के दौरान में भारत के विकास में बैंकों की भूमिका शीर्षक पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के द्वारा भारत के विकास में बैंकों की भूमिका के सम्बंध में बताया और बैंक एवं शासन के द्वारा संचालित विभिन्न विकास उन्मुख एवं सामाजिक



सुरक्षा योजनाओं के बारे में चर्चा की गई।

उल्लेखनीय है कि वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार तथा नाबार्ड द्वारा वित्तीय साक्षरता शिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से विधालय के छात्रों को देश के विकास में बैंकों की भूमिका के सम्बंध में अवगत करवाया गया एवं उन्हें प्रोत्साहित करने के लिये निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक, शाखा भिण्ड (मुख्य) द्वारा उक्त प्रतियोगिता के पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरुस्कार प्रदान किया गये।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय प्रबंधक ग्वालियर दीप कुमार पाण्डेय, अग्रणी जिला प्रबंधक भिण्ड एस.के वर्मा, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड, शाखा भिण्ड (मुख्य) के शाखा प्रबंधक दीपेन्द्र द्विवेदी, क्षेत्रीय कार्यालय अधिकारी सुमित तिवारी एवं गौरव चतुर्वेदी उपस्थित हुये।

## अजीतमल मे अखिल भारतीय परिषद ने दिया ज्ञापन

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**औरैया ।** जैसा की आप सभी को ज्ञातव्य है कि विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् छात्र संगठन का सदस्यता अभियान चल रहा है जिसके तहत शिक्षक, छात्र एवम् छात्राओं को परिषद् की सदस्यता दिलाकर



उन्हें राष्ट्र पुनर्निर्माण के लिए प्रेरित किया जाता है विद्यार्थी परिषद् ना केवल छात्र हितों के लिए कार्य करती है बल्कि राष्ट्र और समाज में भी परिषद् के कार्यकर्ता निश्चार्थ भाव से कार्य कर रहे हैं कल औरैया जिला के अजीतमल नगर स्थित जनता महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ताओं द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा था तो वहां एक शिक्षक ने कार्यकर्ता से अभद्रता करते हुए सदस्यता को रुकवा दिया और संगठन को चंदा जीवी कहकर अभद्र टिप्पणी की एवम् कार्यकर्ता को जेल भेजने एवम् विद्यालय से निष्कासित करने की धमकी दी , अफसोस होता है ये सोचकर जिस संगठन में शिक्षकों का महत्तपूर्ण योगदान है एवम् शिक्षकों को इतना सम्मान दिया जाता है और मार्गदर्शक माना जाता है उस संगठन के प्रति एक शिक्षक की इतनी घ्रणित मानसिकता कैसे हो सकती है यदि छात्र-छात्राओं पर किसी भी प्रकार का मानसिक दबाव या परीक्षा परिणाम में छात्रों के अंको में गड़बड़ी की जाती है तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी एवम् ऐसे शिक्षक को शिक्षा देने का कोई अधिकार नहीं है जो जाति देखकर विद्यार्थीयों को शिक्षा देता हो ऐसे शिक्षक का निष्कासन विद्यार्थी परिषद् जिला औरैया मांग करती है

# तहसील कार्यालय में लाखों रुपए की शासकीय राशि का धोखाधडी कर आहरण करने का मामला आया सामने

**पुलिस ने साकेत वानखेडे सहित 16 लोगो पर किया अपराध दर्ज, गिरफ्तारी बाकी**

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट ।** तहसील कार्यालय में शासकीय राशि का कूटरचित धोखाधडी कर आहरण करने का मामला सामने आया है. जिसमें तहसीलदार के नायब नजीर साकेत वानखेडे सहित 16 लोगो पर 5 लाख 79 हजार 795 रूपये का गबन किये जाने का आरोप लगाते हुये तहसीलदार आर पी मार्को ने साकेत वानखेडे एवं 16 लोगो के विरूद्ध लांजी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। जिसमें पुलिस द्वारा साकेत वानखेडे एवं 16 लोगो के विरूद्ध अपराध क्रमांक 348/21 धारा 409, 420, 467, 468, 471, 120बी भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है एवं मुख्य आरोपी साकेत वानखेडे को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

**तहसीलदार के शासकीय बैंक खाते से चैक द्वारा किया गया राशि का आहरण:** प्रार्थी तहसीलदार रामप्रसाद पिता गंगासिंह मार्को उम्र 51 वर्ष निवासी बच्छरगांव थाना गाडासरई जिला डिंडोरी हाल मुकाम तहसील कार्यालय लांजी जिला बालाघाट के द्वारा की गई शिकायत कि तहसीलदार लांजी के पद पर 03 मार्च 2019 से पदस्थ है तथा 17 सितंबर 2019 से आहरण संवितरण अधिकारी का कार्य देख रहा है, तहसील कार्यालय में साकेत वानखेडे सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदस्थ है , जो कि नायब नाजिर शाखा देखते है। उक्त नायब नाजिर का तहसील के अन्तर्गत समस्त प्राप्त राशि, चैक, खाता का आहरण वितरण संबंधित दस्तावेजो, संधारण का कार्य देखे जाने का दायित्व है , किन्तु सभी दस्तावेजों में आहरण संवितरण अधिकारी / तहसीलदार के हस्ताक्षर होते हैं। यह कि तहसीलदार लांजी का भारतीय स्टेट बैंक शाखा लांजी में खाता क्रमांक 11535063528 है । यह कि उक्त शाखा नायब नाजिर का दिनांक 15.09.2021 से दिनांक 17.09.2021 तक आकस्मिक निरीक्षण के दौरान पाया गया कि नायब नाजिर शाखा ने संधारित चैक बुक क्रमांक 481002507, 00194131 का अवलोकन करने पर चैको की कुल संख्या में अंतर आने पर भारतीय स्टेट बैंक लांजी से खाते का स्टेटमेंट व चैक की छायाप्रति मंगाया गया , जिसमें निम्नलिखित सूची में अंकित चैक नंबरो पर साकेत वानखेडे सहायक ग्रेड -3 नायब नाजिर द्वारा छल कपट पूर्वक कुटरचित हस्ताक्षर करते हुए अन्य 16 आरोपियो के साथ मिलकर शासकीय राशि का आहरण कर गबन करते हुए घोर वित्तीय अनियमिता अपराध किया है। साकेत वानखेडे नायब नाजिर द्वारा अपने नाम से ही पांच बार कुटरचित दस्तावेज के आधार पर फर्जी चैक तैयार कर राशि का आहरण किया गया है । साथ ही कोविड -19 से संबंधित भुगतान की गई नस्ती क्रमांक 20 गायब पायी गई तथा आहरण वितरण से संबंधित समस्त नस्तियाँ अस्त-व्यस्त तथा कुछ नस्तियो व रशीद बिल भी गायब पायी गयी है। जो नायब नाजिर गुमा दिया जाना कथन में बताया गया है।



**राशि आहरण मे इनके नाम आये सामने-** उक्त प्रकरण में मुख्य आरोपी नायब नाजिर के पद पर पदस्थ साकेत वानखेडे द्वारा शासकीय चैक को तहसीलदार के फर्जी हस्ताक्षर कर राशि आहरण के मामले में शिकायत के उपरांत मुख्य आरोपी के अलावा 15 अन्य लोगो के नाम सामने आये है. जिनके खातो में चैक के माध्यम से साकेत वानखेडे के द्वारा राशि प्रदान की गई है। बतादे कि साकेत वानखेडे ने स्वयं ही 5 चैक फर्जी तरीके से तैयार कर 1 लाख 29 हजार 990 रूपये का आहरण किया गया है वंही अन्य साथियो के साथ मिलकर कुल राशि 5 लाख 79 हजार 795 रूपये का आहरण किया गया है। जिसमें कि प्रवीण वाहन को 3 चैक के माध्यम से 63 हजार 500 रूपये, रवीन्द्र पशीने को 52 हजार 400 रूपये, ब्रजेश सिंह चौहान को 26 हजार 560 रूपये, राजीक खान को 19 हजार 500 रूपये, रमेश मेश्राम को 17 हजार रूपये, रीतेश पशीने को 15 हजार रूपये, राजा स्वामी को 26 हजार 500 रूपये, रजत पशीने को 40 हजार रूपये, गौरव भालाधरे को 12 हजार रूपये, कपील आसटकर को 25 हजार 630 रूपये, देवेन्द्र पाँचे को 28 हजार 785 रूपये, आकाश सिल्हारे को 27 हजार 300 रूपये, सुशील सोनवाने को 21 हजार 225 रूपये, दिनेश भंडारकर को 27 हजार 365 रूपये, विशाल तिडके को 47 हजार 40 रूपये इस प्रकार कुल 5 लाख 79 हजार 795 रूपये शासकीय राशि का आहरण किया गया है। इस प्रकार साकेत वानखेडे सहायक ग्रेड 3 नायब नाजिर तहसील कार्यालय लांजी द्वारा छल कपट पूर्वक आहरण वितरण संबधित दस्तावेजो को गायब कर एवं कूट रचित दस्तावेज तैयार कर उपरोक्त व्यक्तियो के साथ मिलकर शासकीय राशि का गबन किया गया है।

## वन-टू-वन

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया जी का मेहगांव विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत।

**संतोष सिंह भदौरिया**
**पुष्पांजली टुडे**
**9179661562**

**गोरमी।** केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी के प्रथम ग्वालियर आगमन पर मेहगांव विधानसभा के विधायक एवं मध्य प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री ओ पी एस भदौरिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया ।150 फीट लंबे मंच पर हजारों कार्यकर्ताओं ने राज्यमंत्री भदौरिया के साथ खड़े होकर सिंधिया जी के रथ पर गुलाब की वर्षा की



इस अबसर पर जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष के पी सिंह भदौरिया प्रदेश कार्यसमिति सदस्य देवेंद्र सिंह नरवरिया मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक राजवीर गुर्जर राजकुमार जैन निर्मल आर्य रोहित करईया सोनू भदौरिया सुभम सोनी अरविंद जैन रज्जन भदौरिया सुभाष यादव विपिन यादव संतोष भदौरिया मनोज पाठक गिर्राज भदौरिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### लापरवाही,इदरगढ़ के अस्पताल में गर्भवती महिला को टिटनेस टीका जगह लगा दिया कोविड वैक्सीन का तीसरा डोज




**पुष्पांजली टुडे**

**दतिया।** दतिया जिले की तहसील इंदरगढ़ अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां पर नर्सिंग स्टाफ ने गर्भवती महिला ज्योति साहू कोरोना वैक्सीन का तीसरा डोज का टीका लगा दिया । जबकि इस महिला 14 सितंबर को ही वैक्सीन का दूसरा डोज लग चुका है यहां ज्योति साहू तीन माह के गर्भ के दौरान लगने वाले टिटनेस और दूसरे के टीके के लिए इंदरगढ़ अस्पताल गई थी लेकिन वहां उसी कमरे में दूसरे टीके भी लग रहे थे सो नर्सिंग स्टाफ ने गर्भवती महिला से बिना पूछताछ के कोरोना वैक्सीन का टीका लगा दिया।अब ज्योति साहू के पति ने अधिकारियों से इस गंभीर लापरवाही की शिकायत की तो अधिकारी जांच की बात कह रहे हैं। वही इदरगढ़ निवासी शिवम साहू, गर्भवती महिला ज्योति का पति कहना है कि मेरी पत्नी मां के साथ टिटनेस का दूसरा टीका लगवाने आई थी लेकिन नर्स ने बिना पूछे कोविड वैक्सीन तीसरा डोज गया दिया। वही इदरगढ़ डॉ खरे, बी एम ओ का मामला संज्ञान में आया है लेकिन गर्भवती महिला ने नर्स को यह नहीं बताया कि टीका कौन सा लगना है। जिसकी वजह से गर्भवती महिला को कोविड वैक्सीन डोज लग गया। गर्भवती महिला के परिजनों से संपर्क में है अभी तक कोई समस्या नहीं आई है वह बिल्कुल स्वस्थ है अगर कोई समस्या आती है तो उसका उपचार कराया जाएगा।

### स्थानांतरण पर वनरक्षक श्रीराम घरते को दी गई विदाई

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**



**बालाघाट।** वन सुरक्षा समिति माहुरखोदरा के अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा वन परीक्षेत्र पूर्व लांजी में पदस्थ श्री राम घरते वनरक्षक के निवास में पहुंचकर वैचारिक मुलाकात करते हुए मध्यप्रदेश शासन स्थानांतरण नीति 2021 के द्वारा प्रशासनिक स्थानांतरण पर नवीन पदस्थिति वन परीक्षेत्र कटंगी बीट पौनिया का पदभार ग्रहण हेतु शुभकामनाएं देकर विदाई दी गई। इस दौरान भागचंद मर्सकोले अध्यक्ष वन सुरक्षा समिति माहुरखोदरा, कुंवर सिंह सिरसाम, चैतूराम सैयाम, ईश्वर सैयाम, धर्मेंद्र धारने, प्रेमलाल गायकवाड़, महेश कुमार घोरमारे सदस्य माना युवा प्रकोष्ठ लांजी, आदि उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट विद्यालय में कोबिड प्रोटोकॉल की धज्जियां उड़ाकर लगाई जा रही कक्षाएं

**नितिन दांतरे**
**पुष्पांजली टुडे**

**दतिया ।** न बच्चे मास्क लगा रहे न शिक्षक ,सोशल डिस्टेंस भी नही रखा जा रहा बच्चो को पढ़ाने में विद्यालय प्राचार्य की अनदेखी लापरवाही आयी सामने पंकज श्रीवास्तव , दतिया ।जिले के सरकारी विधालयो में कोबिड प्रोटोकॉल का कितना पालन किया जा रहा है यह जानने आज हम जिला मुख्यालय पर खुले शासकीय उत्कृष्टता विद्यालय ठंडी सड़क पहुँचे तो यहां जो लापवाही दिखी वह चिंतनीय है। आप तश्वीरें में खुद देख सकते है कि बच्चे किस तरह बगेर मास्क लगाए विद्यालय परिषर में घूम रहे है और कक्षाओं में भी बगैर मास्क लगाए हुए बच्चो को शिक्षा दी जा रही है। एक क्लास में जो तश्वीरें अचानक ली गई तो वहां पढा रहीं शिक्षिका ने खुद भी मास्क नहीं लगा रखा है और बच्चो को भी बगैर मास्क के बैठाकर कक्षा ली जा रही है। एक अन्य कक्षा का जब जायजा लिया गया तो वहां जो दृश्य मिला



वह कुछ ऐसा था कि शिक्षिका ने खुद तो मास्क लगा रखा था परन्तु आसपास बच्चो को घेरकर बैठाए हुए थी और बच्चे मास्क नही लगाए हुए थे। इतनी गम्भीर लापरवाही अगर उत्कृष्ट विधालय में बरती जा रही है तो दूरदराज के स्कूलों में क्या हाल होगा । इस मामले में विधालय के प्राचार्य यू के मिहोरिया की लापरवाही सामने आ रही है विधालय प्रशासन की जिम्मेदारी है कि कोबिड प्रोटोकॉल का हर हाल में पालन किया जाए । जिला शिक्षा अधिकारी महिदय इस प्रकार की गम्भीर लापरवाही पर तुरंत कोइ एक्शन लेंगे ऐसी अपेक्षा है।

# सोजत रोड में पूर्व काबीना मंत्री व सीरवी समाज के धर्मगुरु दीवान माधव सिंह भव्य स्वागत



**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा**

**पाली –**सोजत रोड कस्बे में मंगलवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री व सीरवी समाज के धर्मगुरु दीवान माधव सिंह योग साधना व चिंतन शिविर में सोजत रोड से मनाली रवाना होने पर कार्यकर्ताओं एवं समाज बंधुओं ने रेलवे स्टेशन पहुंच कर माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया दीवान माधव सिंह के सोजत रोड पहुंचने पर सीरवी समाज छात्रावास सोजत रोड के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रतन लाल फोजी उपाध्यक्ष , कन्यालाल सीरवी वरिष्ठ समाजसेवी लखाराम सीरवी सीताराम सीरवी ने दीवान साहब का भव्य स्वागत किया सोजत रोड स्टेशन पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ओम प्रकाश सेन घनश्याम सेन समाज सेवी नवरत्न मल शर्मा वरिष्ठ नेता बंसी लाल परिहार सियाट कांग्रेस नगर अध्यक्ष चुनी लाल सीरवी नवरत्न सेन लोकेश माली खुशीर्द अहमद सहित सैकड़ों लोगों ने स्वागत सत्कार किया दीवान ने सभी को आशीर्वाद देते हुए ईमानदारी से जीवन जीने तथा धर्म के मार्ग पर चलने की सीख दी दिवान माधव सिंह के निजी सचिव कल्याण सीरवी ने जानकारी देते हुए बताया कि दीवान साहब के साथ गुजरात आई माता के पुजारी भंवर महाराज हनुमान राम हाम्बड़, सीरवी संदेश के महेंद्र कापसी मध्यप्रदेश से दिलीप सिंह हनुमानराम जाजोत दल में कई सदस्य मनाली में आयोजित सात दिवसीय योग साधना एवं चिंतन शिविर में भाग लेंगे।



### दबंगों ने आंखों में डाला एसिड युवती की हालत गंभीर

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना ।** मध्य प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद है आए दिन दबंगों की दबंगई देखने को मिल रही हैं अपराधी सरेआम किशोरी को अपना निशाना बना रहे ऐसा ही एक मामला पन्ना जिले के पवई थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुनवारी मजरा बराहो गांव में देखने को मिला जहां दो युवकों ने एक किशोरी की आंखों में जहरीली दवा डाल दी जिससे उसकी दोनों आंखें जल गई है और युवती की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है एवं बेहतर इलाज के लिए उसे चित्रकूट आई सेंटर भेजा जा रहा है घटना के बाद से पन्ना जिले में हड़कंप मचा हुआ है वहीं पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच की बात कही है इस तरह की दिल दहला देने वाली घटना की जानकारी लगते ही एसपी और कलेक्टर युति से मिलने जिला अस्पताल पहुंचे।

# आगामी रतनगढ़ मंदिर पर नवरात्र व भाई दोज पर लगने वाले मेला को लेकर कलेक्टर व एसपी ने ली बैठक

**कलेक्टर ने अधिकारियों को जबाव देही सुनिश्चित कर तैयारियां शुरू करने के दिए निर्देश**

**पुष्पांजली टुडे**

**दतिया।** माँ रतनगढ़ माता मंदिर पर शरदीय नवरात्र एवं दीपावली पर की जाने वाली प्रशासनिक व्यवस्थाओं एवं तैयारियों के संबंध में रतनगढ़ में कलेक्टर संजय कुमार की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संबंधित विभागों की जबावदेही निर्धारित कर समय-सीमा में तैयारियां सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

माँ रतनगढ़ माता मंदिर प्रांगण में बुधवार को आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमलेश भार्गव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, सेवढ़ा एसडीएम अनुराग निगवाल, मंदिर के पुजारी राजेश कटारे, सहित संबंधित विभागों के जिला एवं खण्ड़ स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।कलेक्टर संजय



कुमार ने रतनगढ़ माता मंदिर पर की जाने वाले व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए कहा रतनगढ़ में सिंध नदी पर स्थित पुल बाढ़ से टूट जाने के कारण पुल पर से आने एवं जाने वालों को परिवर्तित मार्ग से माता मंदिर पहुंचना होगा। इसके लिए ग्वालियर से आने वाले श्रृद्धालु बेहट मार्ग से जबकि इटावा, जालौन, उरई, भिण्ड़ आदि स्थानो से आने वाले लोग खमरौली (मंगरौल) के रास्ते से झांसी, शिवपुरी, गुना, डबरा, पिछोर, दतिया आदि स्थानों से लोग देवगढ़ मार्ग से होकर मंदिर पहुंच सकेंगे। इन स्थानों पर वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था भी रखी जायेगी। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरू कर उन्हें पैदल चलने योग्य बनाया जाए। उन्होंने बताया कि रतनगढ़ में स्थित सिंध पुल टूट जाने के कारण पुल या नदी मार्ग से नाव आदि से आने नहीं दिया जायेगा। इसके लिए विभिन्न स्थानों पर बेरीकेटिंग कर चैक पोस्ट बनाये जायेंगे। जिस पर पुलिस एवं होमगार्ड के जवान सतत् निगरानी रखेंगे। नाव से जाने वालें लोागें के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

कलेक्टर ने एसडीएम सेवढ़ा को निर्देश दिए कि लोक निर्माण एवं संबंधित विभागो के सहयोग से वाहन पार्किग के लिए शासकीय भूमि चिन्हित कर लें आवश्यकता होने पर निजी भू-स्वामियों से चर्चा कर लें। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि उनके द्वारा जो कार्य किये जायेंगे उनके साथ आकस्मिक योजना भी बनाई जाए जिसका आवश्यकता पड़ने पर उपयोग किया जा सके। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पैदल मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था तथा पेयजल की समुचित व्यवस्थायें रखी जाए। श्रृद्धालुओं को किसी भी प्रकार की सूचना एवं जानकारी देने हेतु पीएस सिस्टम की भी व्यवस्था रखी जाए। उन्होंने मोबाईल नेटवर्क सही रूप से काम करें इसके लिए निजी मोबाईल कंपनियों से चर्चा कर टावर लगवायें जाए।कलेक्टर ने मंदिर प्रांगण एवं आस-पास के क्षेत्र में साफ सफाई की व्यवस्था निजी क्षेत्र से कराने, मंदिर की रैलिंग की रंगाई-पुताई कराने के भी निर्देश दिए। बैठक के बाद कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ पहुंच मार्गो, वाहन पार्किंग स्थलों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए।

# स्वच्छ वायु मुहैया हो सके अतः ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करें- डॉ. आरकेएस तोमर

**ग्रामीण रोपे पोधों के संरक्षण की जिम्मेदारी लें- मुनेन्द्र शेजवार**

**पुष्पांजली टुडे**

**दतिया।** स्वच्छ वायु मुहैया हो सके व जलवायु परिवर्तन रुक सके इस उद्देश्य से हम सबको अधिक से अधिक पौधरोपण कर वृक्षों को सहेजने का काम करना चाहिए ताकि हमें व आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ वायु उपलब्ध हो सके और वे स्वस्थ्य रह सकें। उक्त उद्गार ग्राम पंचायत सेंमई, स्वदेश ग्रामोत्थान समिति, जिला बाल अधिकार मंच एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद दतिया के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेंमई में के प्रांगण में आयोजित पौधरोपण व पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. आरकेएस तोमर प्रधान वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र दतिया ने व्यक्त किए। अध्यक्षता कर रहे मुनेंद्र शेजवार जिला समन्वयक



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद दतिया ने ग्रामीणों से रोपे गए पौधों को संरक्षित रखने के लिए अपील की। विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित परशुराम गौतम प्रभारी प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल सेंमई ने रोपे गए पौधों के संरक्षण हेतु विद्यालय परिवार व अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की ओर से आश्वासन दिया। कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि आर.बी. चौरसिया संचालक डॉ. रमन हायर सेकेंडरी स्कूल ने ग्राम में संस्था द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों की सराहना करते हुए पौधरोपण कार्यक्रम की भी सराहना की।

कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए जिला बाल अधिकार मंच सदस्य व स्वच्छताग्राही बलवीर पांचाल द्वारा ग्राम में अब तक किए गए पौधरोपण कार्यक्रम के बारे में व्यापक जानकारी दी। आयोजित कार्यक्रम में स्वदेश संस्था संचालक व पीएलबी रामजीशरण राय द्वारा पर्यावरण के साथ ही जीवन संरक्षण हेतु पौधरोपण अति आवश्यक है, परिभाषित करते हुए सभी से पौधरोपण करने व उनके संरक्षण और संवर्धन का आव्हान किया। इस अवसर पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक जागेश्वर भगत, सचिव ग्राम पंचायत मनोज दाँगी, जीआरएस चेतन दाँगी, जिला बाल अधिकार मंच से लवकुश शर्मा, केशवदास पाँचाल, आयुष राय, सरल तलरेजा, ब्रिजकुंवर पांचाल, रोशनी कुशवाहा, ज्योति श्रीवास्तव, धीरज पांचाल, भरत नामदेव, शनी बाल्मिक, साधना नामदेव, रागिनी कुशवाहा, शिवानी कुशवाहा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे इनके साथ ही विद्यालय पदस्थ शिक्षक अलका दांडे, कविता दोहरे, ललीमंजू तिर्की, भोजपति भगत, अशोक श्रीवास्तव, रामकिशोर विलैया, स्कूल सहायक विनय शर्मा, एएनएम हेमलता राजपूत, आशासहयोगिनी संगीता अहिरवार, आशा कार्यकर्ता मंजू कुशवाहा, प्रियंका दाँगी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रामदेवी श्रीवास्तव, ज्योति दाँगी, सहायका सुधा परिहार, प्रस्फुटन समिति राजेन्द्र परिहार, रामकिशुन प्रजापति, ज्ञान सिंह रजक, अंकित दाँगी आदि एवं उपस्थित समस्त छात्र छात्राओं ने सहभागिता की। उक्त जानकारी समाजसेवी अरविंद दाँगी ने दी।

# कांग्रेस न डरी है न डरेगी गांधीवादी तरीके से विरोध करेगी: डॉ. देवेन्द्र शर्मा

**ग्वालियर।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह, मप्र शासन के पूर्व मंत्री विधायक लाखन सिंह यादव, विधायक डॉ सतीश सिंह सिकरवार, विधायक सुरेश राजे, प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा के नेतृत्व मे आज फूलबाग चौराहा पर बाबा साहब के संविधान का उल्लघंन करने वाले कोविड 19 की धारा 144, 188 को तोड़ने वाले कोरोना काल मे मृत आत्मांओ के प्रति श्रृद्धांजली देने की बजाए स्वागत रैली निकालने वाले, टूटी सड़के देने वाले, अंधकार का सामराज्य फैलाने वाले, मंहगाई से दो वक्त की रोटी खाने से तरस रहे लोगो के दिल पर चोट करने वालो के खिलाफ विशाल धरना सम्पन्न हुआ।

धरने को संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि एक देश, एक झंडा, एक संविधान की बात करने वाली भाजपा सरकार एक संविधान दो विधान चलाकर दमन चक्र चला रही है, नागरिको, व्यापारियों के लिए कानून कुछ और, भाजपा सरकार के केन्द्रीय मंत्री, प्रदेश सरकार के मंत्री के लिए कानून कुछ और, बाबा साहब अबेडकर जी ने जो कानून बनाए है वह सरकार और नागरिको पर समान रूप से लागू होते है, लेकिन इसके विपरीत एक संविधान दो विधान चलाने वाली भाजपा राजनैतिक बदले की भावना से ग्वालियर में दमन चक्र चला रही है जिसका गांधीवादी तरीके से कांग्रेस मुकाबला करती रहेगी।




ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि यह विशाल जनसमूह इस बात का साक्षी है कि कांग्रेस महल से अलग हुई है और भाजपा महल की गुलाम हो गई है, कांग्रेस का इतिहास गांधीवादी तरीके से बाबा साहब अंबेडकर के संविधान के लिए आंदोलन करना रहा है और रहेगा। मप्र शासन के पूर्व मंत्री विधायक लाखन सिंह यादव ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि बरसात से भीषण बाढ़ की चपेट मे किसान बेघर हो गये है न रहने को मकान न खाने को अनाज है सरकार और स्वागत कराने वाले आज तक किसानो के दुख में शरीक होने नही आए, किसान, खेतिहर मजदूर परेशानियों के दौर से गुजर रहा है। इनकी सुध लेने की बजाए स्वागत कराकर इनके दुखदर्द पर कुठाराघात कर रहे है। धरने को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने कहा कि पूरे महानगर की सड़के टूटी है, गंदगी का सामराज्य है, अंधकार फैला हुआ है, पीना का स्वच्छ पानी मिल नही रहा है चारो तरफ बदहाली का आलम है स्वागत कराने वाले से जनता नाराज है, जनता की आवाज को दबाया जा रहा है, कागजो पर विकास जमीन पर विनाश साफ नजर आ रहा है, कंट्रोलो से खाद्य सामग्री की कालाबाजारी हो रही है। कांग्रेस निरंतर जनता के साथ मिलकर संघर्ष करती रहेगी। धरने को संबोधित करते हुए विधायक सुरेश राजे ने कहा कि आज देश ओर प्रदेश में मंहगाई बुलंदियों को छू रही है घरेलू गैस सिलेंडर 1 हजार के करीब हो गया है, पेट्रोल डीजल 100 रू के पार हो गया है, खाद्यांन सामग्री मंहगाई की चपेट में है, हर वर्ग, हर नागरिक, मजदूर किसान, गृहणी, चाय, सब्जी आदि सामग्री बेचने वाला वर्ग दो टाईम की रोटी कमाने के लिए अपने परिवार का पेट भरने के लिए दिन भर कमाई के बाद भी दो वक्त की रोटी खाने के लिए तरस रहा है और जनसेवक फूल बरसवा रहे है।

# नैनो न्यूज

## खाली पेट पेन किलर खाने से किशोरी की मौत

**ग्वालियर।** शहर के पुरानी छावनी थाने के कृष्णा नगर में खाली पेट पेन किलर खाने से एक किशोरी की मौत हो गई।पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार पुरानी छावनी थाने के कृष्णा नगर में रहने वाली पूनम 17 पुत्री रमेश शर्मा ने दो दिन पहले सिर में दर्द होने पर घर में रखी पेन किलर की गोली खाली पेट खा ली थी । कुछ देर बाद किशोरी की तबियत बिगडी तो परजिन उसे एक निजी अस्पताल लेकर आए जहां आराम नहीं मिलने पर किशोरी को जेएएच में भर्ती कराया गया ।जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर आ गई और मृतका के शव को पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है।

## कैदी पैरोल जंप कर गायब

**ग्वालियर।** सेंट्रल जेल में हत्या के मामले में कैद काट रहा कैदी संभवत कोविड-19 के चलते पैरोल पर गया कैदी निर्धारित तिथि को जेल नहीं लौटा। इस मामले में बहोड़ापुर थाना पुलिस ने गत दिवस को जेल सुपरिंटेंडेंट की शिकायत पर उक्त कैदी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रामस्वरूप ब्राम्हण पुत्र जगन्नाथ निवासी दुलेनी, सुमावली मुरेना जिले में हत्या के मामले में सजा काट रहा था। वह पैरोल पर गया था। 17 सितम्बर को उसकी पैरोल समाप्त हो गई। वह 24 घंटे बाद भी नहीं आया तो जेल प्रशासन ने एफआईआर दर्ज कराई। जानकारी में सामने आया कि 25 जनवरी 2000 को उसे हत्या के मामले में मुरेना जेल में बंद किया था। उसे मुरैना जेल से ग्वालियर सेंट्रल जेल 8 जनवरी 2019 को ट्रांसफर किया था।

## सिंधिया जमीनें घेरते है और झूठ बोलते हैं: सतीश

**ग्वालियर।** ग्वालियर पूर्व से कॉग्रेस के तेज तर्रार विधायक डॉ.सतीष सिकरवार ने केंन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के उस वयान जिसमें उन्होने कहा कि कॉग्रेस भ्रम फैलाती है, पर पलटवार करते हुए कहा कि कॉग्रेस का इतिहास रहा है, जो कहा वो कर के दिखाया हैं। कॉग्रेस पार्टी भ्रम नहीं, जनसेवा प्रगति और विकास में विषवास रखती है उन्होनें कहा कि श्री सिंधिया और उनके कारिंदे सरकारी जमीनें घेरते हैं और झूठ बोलते हैं। विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि जिन कर्मचारियों की हिमायत करते हुए कॉग्रेस सरकार में सड़कों पर उतरने की वात करने बाले श्री सिंधिया को अव कर्मचारियों किसानों और जनता की समस्याएं नजर नहीं आ रहीं हैं। अब उतरे सडकों पर, मलाई खाने के लिये कॉग्रेस पार्टी से गद्दारी करने वाले श्री सिंधिया कॉग्रेस को न वतायें की वो क्या करती है। कॉग्रेस क्या है, इसकी सीख आपको अपने पिता श्री स्व.महाराज माधवराव सिंधिया से लेना चाहिये जो जीवन की अखिरी सांस तक फासिस्टवादी ताकतों से लड़ते रहे हैं, आपको तो षर्म आना चाहिये कि आप फाासिस्टवादी ताकतों की गोद में बैठकर जनसेवक बनने की नोटंकी करते हैं।

## भारत बंद को लेकर बैठक आयोजित

**ग्वालियर।** कृषि विधेयक एवं अन्य मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन द्वारा 27 सितबंर को भारत बंद का आह्वान किया गया है। बंद के इस आह्वान को लेकर किसाना नेताओं द्वारा अंचल में किसानों की बैठक लेकर समर्थन जुटाया जा रहा है। डबरा शहर के चांदपुर में संगठन के कार्यकर्ताओं ने बैठक ली। बैठक में आंदोलन को लेकर योजना तैयार की गई। संगठन के अध्यक्ष सूर्यभान सिंह ने कहा कि जब तक किसानों की मांगे पूरी नहीं होती हैं उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के संभागीय अध्यक्ष प्रगट सिंह, जिला अध्यक्ष सूर्यभान सिंह रावत, डबरा ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी, जिला उपाध्यक्ष केदार बघेल, जिला महासचिव मलक सिंह, सतेंद्र विद्रोही, गंधर्व सिंह, हेमन्त उपाध्याय, अतवल सिंह, सोनू बाथम, कलवेंद्र उपस्थित रहे।

# ग्वालियर शहर में डेंगू नियंत्रण के प्रयास जारी

**स्कूली बच्चों को मच्छर का लार्वा दिखा कर बताये डेंगू की रोकथाम व बचने के उपाय, बच्चों ने ली अपने घर तथा आसपडोस को लार्वा मुक्त करने व डेंगू को नियंत्रित करने की शपथ , बच्चों ने, स्कूल में किया लार्वा सर्वे और की विनिष्टीकरण की कार्यवाही**

**ग्वालियर।** मुख्या चिकित्सा एवं स्वास्थय अधिकारी डा. मनीष शर्मा के निर्देशन में जिला स्वास्थ्य समिति व एम्बेड परियोजना के संयुक्त तत्वाधान में शहर में डेंगू नियंत्रण हेतु चौतरफा प्रयास किये जा रहे हैं जिसके तहत आज 22 सितम्बर 2021 से, शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के छात्र - छात्राओं एवं स्टाफ को डेंगू से बचाव व रोकथाम संबंधी विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गयी।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस में जिला मलेरिया अधिकारी डा. नीलम सक्सेना व जिला समन्वयक एम्बेड परियोजना फेमिली हेल्थ इंडिया द्वारा शा. कन्या उ. मा. विद्यालय रेल्वे कालोनी एवं पद्मा विद्यालय की 262 छात्राओं के समक्ष मच्छर



के लार्वा का प्रदर्शन कर उसे नष्ट करने के तरीकों को विस्तार से समझाया गया। शहर में डेंगू नियंत्रण कार्यक्रम में जन सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु आयोजित इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान विद्यालय स्टाफ के साथ छात्राओं को पोस्टर, गीत, नारे व प्रदर्शन के माध्यम से बताया गया कि डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनियाँ, जीका, फाइलेरिया, एवं जे.ई बुखार ये सभी बीमारियाँ अलग अलग प्रजाति के मच्छरों के कटाने से ही एक व्यक्ति से दूसरे में फैलती हैं इसलिए इन सभी बीमारियों से बचने के लिए हमें मच्छरों से बचना जरूरी हैं।वर्षात के मौषम में बढ़ती मच्छरों की पैदाइश से बढ़ते डेंगू के खतरों को नियंत्रित करने हेतु पानी जमा होने से रोकें, हमेशा मच्छरदानी का उपयोग करें, शरीर को ढँक कर रखें, मच्छर रोधी विकर्षक जैसे क्रीम, अगरबत्ती आदि का उपयोग करें। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं व स्टाफ द्वारा अपने अपने घर तथा आसपास के 10- 10 घरों में लार्वा सर्वे व विनिष्टीकरण की कार्यवाही कर

## ग्वालियर में 240 करोड के विकास कार्यों का लोकार्पण

# जनकल्याण और सुराज के 20 वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वर्चुअली किया

**ग्वालियर।** जनकल्याण और सुराज के 20 वर्ष पूर्ण होने पर चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा आज बुधवार को प्रदेश भर के 24 नगरीय निकायों में 1 हजार करोड से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण भोपाल से वर्चुअली किया गया। जिसके तहत ग्वालियर में लगभग 240 करोड रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अनेक हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया।



सिटीसेंटर स्थित बालभवन में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, सीईओ स्मार्ट सिटी श्रीमती जयति सिंह सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सांसद श्री शेजवलकर ने कहा कि केन्द्र और राज्य की सरकार द्वारा समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के विकास की चिंता की जा रही है और उन तक सरकार की हर जनकल्याणकारी योजना का लाभ पहुँचाया जा रहा है, यही सुराज है। सांसद श्री शेजवलकर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा आज एक क्लिक के माध्यम से प्रदेश की लगभग 402 नगरीय निकायों को 15वें वित्त आयोग की लगभग 300 करोड की राशि आवंटित की जा रही है। जिससे इन सभी नगरीय निकायों में विकास के कार्य तेजी से होगें। इसके साथ ही प्रदेश 24 बडे नगरीय निकायों में 1 हजार करोड से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण किया जा रहा है जिनका लाभ आम जनता को मिलेगा। यही सरकार का जनकल्याण व सुराज है। इस अवसर पर निगमायुक्त श्री किशोर कान्याल ने बताया कि ग्वालियर नगर निगम द्वारा अमृत योजना के तहत वार्ड क्रमांक 18, 19 एवं 21 में सीवर समस्या के स्थाई निदान के लिए लोहारपुरा, शताब्दीपुरम, मुरार में 152.30 करोड रुपए की लागत से बनाए गए 8 एमएलडी क्षमता के सीवर ट्रीटमेंट प्लांट एवं 53 किमी सीवरेज नेटवर्क एवं वार्ड क्रमांक 59 में सीवर समस्या के स्थाई निदान के लिए ललियापुरा विक्की फैक्ट्री के पास 79.31 करोड रुपए की लागत से बनाए गए 4 एमएलडी क्षमता के सीवर ट्रीटमेंट प्लांट एवं 102 किमी सीवरेज नेटवर्क का लोकार्पण आज मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा किया गया है। नगर निगम के इन दोनो सीवर ट्रीटमेंट प्लांट एवं सीवरेज नेटवर्क प्रारंभ होने से इन क्षेत्रों में सीवर की समस्या का स्थाई निराकरण होगा साथ ही ट्रीटेड पानी का उपयोग गैर घरेलू कार्यों के लिए किया जा सकेगा। इसके साथ ही कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा ग्वालियर स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण के लिए 2 करोड 95 लाख की लागत से ग्वालियर किले की बाहरी दीवार पर लगाई गई फसाड लाइटिंग परियोजना का लोकापर्ण किया गया, जिससे शहर की विरासत को और अधिक आर्कषक बनाया जाएगा तथा शहर के पर्यटन को बढावा मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा ग्वालियर में मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा दर्पण कॉलोनी में 5 करोड 33 लाख 58 हजार रुपए की लागत से बनाए गए आवासीय परिसर कावेरी एन्क्लेव का लोकार्पण किया गया।

## ड्रग लायसेंस के लिये रिश्वत लेते दो दबोचे

**ग्वालियर।** लोकायुक्त पुलिस ग्वालियर ने आज सायं मेडीकल स्टोर के ड्रग लायसेंस के लिये रिश्वत ले रहे दो लोगों को दबोचा है। लोकायुक्त की यह कार्रवाई आज भिंड में हुई। लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा के अनुसार भिंड के शैलेन्द्र सिंह पवैया ने अपनी मेडीकल स्टोर का दुर्गा भद्रकाली के नाम से बनवाने के लिये आवेदन दियाथा। जिसमें सीएचएमओ ऑफिस कार्यालय सहायक ग्रेड -3 अजेन्द्र सिंह ने छह हजार रूपये रिश्वत के रूप में मांगे थे। जिसमें से फरियादी शैलेन्द्र सिंह ने दो हजार रूपये दो दिन पूर्व दे दिये थे। बाकी राशि उसने जैसे ही सीएचएमओ ऑफिस सहायक ग्रेड -3 अजेन्द्र सिंह व आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. राजकुमार दुबे को दी, तो लोकायुक्त टीम ने सुरेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में उन्हें दबोच लिया।

# 7 कलेक्टर, 2 आयुक्त समेत 30 अफसरों को नोटिस जारी: एक साल में 13 हजार लोगों को कुत्तों ने सड़क पर काटा



## हाईकोर्ट ने फोटो देखकर कहा यह गंभीर समस्या बनती जा रही है

**ग्वालियर।** सड़क पर आवारा पशु, जानवरों का आतंक सिर्फ ग्वलियर शहर की परेशानी नहीं है, बल्कि अंचल के सभी शहरों में यह आफत बने हुए हैं। अकेले ग्वालियर में एक साल में 13 हजार लोगों को सड़क पर आवारा कुत्तों ने काटा है। इसके साथ ही सड़क पर घूमते आवारा सांड़ और गाय की टक्कर से भी कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। सड़कों पर इस तरह के हादसे आम बात है। सड़क पर आवारा पशुओं को लेकर दायर जनहित याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई है। इस मामले में हाई कोर्ट ने 9 जिलों के 30 अफसरों को नोटिस जारी किया है। जिनमें 7 कलेक्टर, 2 नगर निगम आयुक्त हैं। इसके अलावा प्रमुख सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय मध्यप्रदेश, प्रमुख सचिव कृषि मंत्रालय एवं प्रमुख सचिव नगरीय प्रशासन को भीनोटिस जारी किए गए हैं। इतना ही नहीं हाईकोर्ट ने सड़क पर आवारा पशुओं के फोटो देखने के बाद इस स्थिति को बहुत गंभीर माना है। साथ ही नोटिस जारी कर अफसरों से जवाब मांगा है। हाई कोर्ट ने इस मामले में ग्वालियर, मुरैना, भिंड़, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोक नगर, विदिशा तथा दतिया जिले के कलेक्टर व नगर निगम आयुक्त तथा नगर पालिका परिषद एवं जिला पंचायत के ष्टश्वह्र को नोटिस जारी किया है। संबंधित जिलों के अफसरों को चार सप्ताह में हाई कोर्ट में जवाब पेश करना होगा। याचिकाकर्ता ने जनहित याचिका दायर करने से पहले सूचना के अधिकार के तहत तमाम आंकड़े भी जुटाए हैं। जिसको न्यायालय में पेश किया गया है। जिसमें बताया गया है कि किस तरह एक साल में 13 हजार लोगों को सड़क पर घूम रहे आवारा कुत्तों ने काटकर अपना शिकार बनाया है।

यह तो वह हैं जिनको काटा गया है। जो कुत्तों के पीछे दौड़ने पर भागते या गाड़ी भगाते समय गिरकर घायल हुए हैं उनकी तो संख्या भी नहीं है। इसी तरह आवारा सांड़ की टक्कर से कितने लोग घायल हुए हैं यह भी किसी से छुपा नहीं है।

# भारत व दक्षिण अफीका के कृषि मंत्रियों की वर्चुअल बैठक आयोजित

## केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री तोमर ग्वालियर से शामिल हुए वर्चुअल बैठक में, कृषि वस्तुओं के द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि पर संतोष व्यक्त और तकनीकी जानकारी हुई साझा



**ग्वालियर।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर और दक्षिण अफीका की कृषि, भूमि सुधार और ग्रामीण विकास मंत्री श्रीमती ए.टी. डिडीजा के बीच आज वर्चुअल बैठक हुई। केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री तोमर ग्वालियर से इस वर्चुअल बैठक में शामिल हुए। दोनों मंत्रियों ने बैठक पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कृषि तथा संबद्ध क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच संबंधों को आगे भी और प्रगाढ़ करने की प्रतिबद्धता प्रकट की। केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने बैठक आयोजित करने के लिये दक्षिण अफ्रीका की कृषि मंत्री को धन्यवाद दिया। श्री तोमर ने दक्षिण अफ्रीका में स्वतंत्रता और न्याय के लिए संघर्ष के साथ भारत के ऐतिहासिक संबंधों का भी उल्लेख किया, जो उस समय के हैं जब महात्मा गाँधी ने एक सदी पहले दक्षिण अफ्रीका में अपना सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया था। दोनों मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच कृषि वस्तुओं के द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि पर संतोष व्यक्त किया। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका की मंत्री ने दक्षिण अफ्रीका के आम, पर्सीमोन, एवोकैडो, लीची और पोर्क के लिए बाजार पहुँच तथा दक्षिण अफ्रीका के सिट्रस और पोम फलों के लिये इन-ट्रांजिट कोल्ड ट्रीटमेंट की अनुमति देने वाले विनियमन के मुद्दों को उठाया। भारतीय पक्ष ने दक्षिण अफ्रीका के साथ तकनीकी जानकारी साझा की। भारतीय आम, टेबल ग्रेप्स और डेयरी के लिए बाजार पहुँच के मुद्दों पर दक्षिण अफ्रीकी पक्ष ने भी प्रतिक्रिया व्यक्त की। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को अपने-अपने पक्षों के मुद्दों को शीघ्रातिशीघ्र दल हल करने का आश्वासन दिया।

## क्या स्मार्ट सिटी के कैमरे घटिया, चौराहों के भिखारी उनकी पकड़ से दूर, वाहन चालक लूट से परेशान

**ग्वालियर।** ग्वालियर की स्मार्ट सिटी परियोजना द्वारा ग्वालियर शहर के विभिन्न चौराहों पर लगाई गई ट्रेफिक लाइटों व चौराहों पर आजकल भिखारियों का कब्जा है। यह भिखारी भारी संख्या में यहां आकर जम गये है और जबरन चाहन चालकों से उगाही कर रहे हैं। मजे की बात यह है कि स्मार्ट सिटी की लाइटों पर ट्रेफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक तो कैमरे की रेंज में हैं , लेकिन भिखारी कैमरे की रेंज में नहीं आ रहे हैं। इससे यह लगता है कि स्मार्ट सिटी के कैमरे घटिया क्वालिटी के हैं या खराब हैं। ज्ञातव्य है कि स्मार्ट सिटी कारपोरेशन ने शहर के विभिन्न चौराहों पर पहले से लगी ट्रेफिक बत्तियों व कैमरों को हटाकर अपनी नई बत्तियां व नये मंहगे कैमरे लगा दिये हैं। अब इन सभी चौराहों पर बाहर से आने वाले भिखारियों ने कब्जा कर लिया है, यह भिखारी लाल बत्ती होते ही वाहन चालकों को घेर लेते हैं और उनसे जबरन भीख मांग कर परेशान कर रहे हैं। कई भिखारी तो वाहन चालकों से अभद्रता तक करते हैं। यह भिखारी इतने तेज तर्रार हैं कि हरी बत्ती होते ही ट्रेफिक डिवाइडर पर बैठ जाते हैं, और लाल बत्ती होते ही पुन~ नये वाहन चालकों को घेर लेते हैं। कई भिखारियों ने पुलिस से बचने के लिये हाथ में पेन ले रखे हैं, ताकि बहाना बना सकें कि वह तो पेन बेच रहे हैं। कुल मिलाकर सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि स्मार्ट सिटी का अमला जरा सी गलती पर वाहन चालकों के पास ई चालान भेजकर जमकर उगाही करने में लगा है। लेकिन उसे अपने कैमरों में यह भिखारी नजर ही नहीं आते हैं। इससे लगता है कि स्मार्ट सिटी के कैमरे खराब हैं या घटिया है, जो भिखारियों की फोटो नहीं खींच पा रहे हैं। केवल वाहनों की नंबर प्लेट खींच पाते हैं।



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478